राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

भोपाल
वर्ष: 5 अंक 91
सोमवार 19 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 39°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए | पृष्ठ-8 | मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in


# गुलजार हाउस में लगी आग, 17 की मौत

## हादसे में दो परिवारों के लोग शामिल, मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया दु:ख

**हैदराबाद, 18 मई।** हैदराबाद शहर स्थित चारमीनार इलाके में मिरचौक क्षेत्र के गुलजार हाउस में भीषण आग लग गई। घटना में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

दमकल की गाड़ियां इमारत में फंसे कुछ अन्य लोगों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर इलाज के लिए पूरे प्रयास करेगी। पुलिस के अनुसार आग चारमिनार इलाके में गुलजार हाउस के पास एक बिल्डिंग में रविवार को करीब सुबह 6 बजे लगी ।

घटना में झुलसने घटनास्थल पर ही आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि लोगों के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। आग बिल्डिंग की पहली मंजिल पर लगी, जिसने बाद में विकराल रूप धारण कर लिया। आग

### घटना

- मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल
- घंटों मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू
- एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बताई जा रही वजह
- इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर जताया दुख

लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका है कि इमारत में लगे एसी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। घटना स्थल पर केंद्र मंत्री किशन रेड्डी, राज्यमंत्री



प्रभाकर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंच गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। फायर ब्रिगेड के मुताबिक काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया है।

मृतकों की पहचान अभिषेक मोदी, आरूषी जैन ,शीतल जैन, सुमित्रा जैन, प्रथम मोदी, राजेंद्र कुमार, हषार्ली गुप्ता, मुन्नीबाई, प्रियाणी और इराज के रूप में हुई है। अभी अन्य मृतकों के शवों की पहचान कराई जा रही है। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल, डीआरडीओ हॉस्पिटल और उस्मानिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे के शिकार लोग ज्वेलर्स के जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान से संबंधित दो परिवारों के लोग हैं। दमकल कर्मियों के मुताबिक अभी भी इस इमारत में चार परिवारों के दर्जनों लोग फंसे हैं। अब तक जिन लोगों को बाहर निकाला गया है, उनमें तीन बच्चों सहित 14 लोग शामिल है। यह सभी बुरी तरह झुलसे हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे, इनमें ज्यादातर किराएदार थे। पुलिस के मुताबिक इमारत में आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक रात में बहुत गर्मी थी और मकान में लगे सभी एसी चल रहे थे। इसकी वजह से मकान की वायरिंग गर्म हो गई। इसी दौरान वायरिंग में आग लग गई और इसमें से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक एसी के कंप्रेशर फटने से आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को बाहर भागने का भी मौका नहीं मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हैदराबाद अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने कहा हैदराबाद के चारमीनार इलाके में हुई भीषण आग की त्रासदी से मैं बहुत दुखी हूँ, जिसमें कई अनमोल जानें चली गईं। इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

# सीजेआई को रिसीव करने नहीं पहुंचे चीफ सेक्रेटरी-डीजीपी



- जस्टिस गवई बोले- महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल नहीं मानते
- बार काउंसिल के कार्यक्रम में गए थे
- कहा- जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते
- न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

**मुंबई, 18 मई।** चीफ जस्टिस बीआर गवई रविवार को मुंबई पहुंचे। उन्हें रिसीव करने चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर नहीं पहुंचे। इस पर उन्होंने बार काउंसिल के कार्यक्रम में निराशा जताई। सीजेआई गवई ने कहा, 'मैं इस बात से निराश हूं कि महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका ये तीनों लोकतंत्र के पिलर हैं। इन सभी को एक-दूसरे को सम्मान करना चाहिए।

सीजेआई ने कहा, अगर भारत के चीफ जस्टिस पहली बार महाराष्ट्र आ रहे हैं तो ये उम्मीद की जाती है कि यहां के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर को मौजूद रहना चाहिए। ऐसा न करना सोचने पर मजबूर करता है। मुंबई में महाराष्ट्र-गोवा बार काउंसिल ने सीजेआई का सम्मान समारोह रखा था।

सीजेआई गवई ने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए उन्हें मिले प्यार और स्नेह के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। इसके पहले वे मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर स्मारक भी गए।

## संक्षिप्त समाचार

### गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**गोंडा, 18 मई (तरुणमित्र)।** यूपी के परसपुर के डेहरास अहेट गांव में रविवार को नहर किनारे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। एक साथ गांव के तीन बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि गांव के बगल से होकर सरयू नहर गुजरती है। इसके बगल ही गड्ढा था जिसमें पानी भरा हुआ था।

रविवार की दोपहर गर्मी अधिक होने के कारण गांव के जिलेदार का नौ वर्ष का बेटा निगम उर्फ राजाबाबू, दयाशंकर का दस वर्षीय पुत्र राजन, रामनरेश का दस वर्षीय पुत्र राजा इसमें नहाने लगे। गड्ढे की गहराई अधिक होने के कारण देखते ही देखते तीनों उसमें डूब गए। जब तक गांव के लोग पहुंचकर बच्चों को बाहर निकालते तब तक तीनों ने दम तोड़ दिया।

### जेसीबी की चपेट में आकर बच्ची की मौत

**मीरजापुर, 18 मई।** यूपी के विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत अरंगी-सरपती गांव में रविवार सुबह जेसीबी की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। गांव निवासी रिंकू सोनकर की बेटी परी दरवाजे पर खिलौनों से खेल रही थी, तभी महुआरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी उसे रौंदते हुए निकल गई। बच्ची को तत्काल मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को घेर लिया, लेकिन बस्ती का ही एक मनबढ़ युवक चालक को बाइक पर बैठाकर मौके से फरार हो गया।

### रक्षा राज्य मंत्री लंगकावी प्रदर्शनी में भाग लेने जाएंगे मलेशिया

**नई दिल्ली, 18 मई।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 20 से 24 मई तक मलेशिया के लंगकावी में आयोजित होने वाली लंगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री और अंतरिक्ष प्रदर्शनी (एलआईएमए 2025) के 17वें संस्करण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। एलआईएमए 2025 में एक भारतीय मंडप स्थापित किया गया है, रक्षा राज्य मंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, बीईएमएल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड व ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड सहित कई डीपीएसयू तथा अन्य निजी रक्षा कंपनियां इस प्रदर्शनी में भाग लेंगी और भारतीय रक्षा उद्योग जगत की सामर्थ्य का प्रदर्शन करेंगी।

### इसरो का ईओएस-09 उपग्रह प्रक्षेपण विफल, जांच के आदेश

**श्रीहरिकोटा, 18 मई।** अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को रविवार को एक झटका लगा है। इसरो का सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी61 का मिशन तीसरे चरण में फेल हो गया। इससे इस महत्वाकांक्षी मिशन के तहत ईओएस-09 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह निर्धारित कक्षा में पहुंचने में कामयाब नहीं हुआ। इसरो ने इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से रविवार सुबह 5:59 बजे इसरो ने 101वां प्रक्षेपण पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल ( पीएसएलवी)-सी61 के जरिए ईओएस-09 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह भेजा था, लेकिन प्रक्षेपण के कुछ ही मिनटों के बाद तीसरे चरण में रॉकेट अपने मार्ग से भटक गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेरणा भारद्वाज को पुन: मेयर चुने जाने पर दी बधाई



**भोपाल, 18 मई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय मूल की प्रेरणा भारद्वाज को बकिंघमशायर (यूनाइटेड किंगडम) काउंसिल में एक बार पुनः मेयर चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारद्वाज ने अपनी यह उपलब्धि बाबा महाकाल और मां बगलामुखी को समर्पित की है, जो अपनी मातृभूमि से उनके सतत जुड़ाव के संस्कार का प्रेरणादायक प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारद्वाज के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारी बहन प्रेरणा भारद्वाज अपने सेवा कार्यों और समर्पण से भारत राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर प्रतिस्थापित करेंगी।

# भावी पीढ़ी को गौरवशाली अतीत से जोड़ना जरूरी : डॉ. यादव

**भोपाल, 18 मई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को जानने का सजीव अवसर प्रदान करना आवश्यक है। प्रदेश के नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरूषों की स्मृति में बन रहे सांस्कृतिक द्वार इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राजा भोज सहित अन्य महापुरूषों के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री यादव रविवार को भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर समरधा में निर्मित होने वाले भोज-नर्मदा द्वार के भूमि-पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का इस कार्यक्रम से वर्च्युअल लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं

### भोपाल नगर निगम ने नीमच में स्थापित किया 10 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण



आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, खेल युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है। यहां प्रदेश के विभिन्न अंचलों की संस्कृति और इतिहास को अभिव्यक्ती प्रदान की जाएगी। भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निर्मित होने वाले 9 द्वारों पर माँ नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे। उज्जैन में निर्मित महामृत्युंजय द्वार, विभिन्न काल में उज्जैन के इतिहास और प्रमुख घटनाओं को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भोज की प्रतिभा, योग्यता और पराक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पाकिस्तान के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर में भारत की जीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता और भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विश्व के सामने ऑपरेशन सिंदूर में आंतकियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रकटीकरण किया है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ-साथ आत्मनिर्भर नगर निगम व नगर पालिका के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# बसपा ने आकाश को बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर

## ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को बसपा प्रमुख ने सराहा

**दिल्ली, 18 मई।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्होंने यह निर्णय दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय 29 लोधी स्टेट में पदाधिकारियों की सहमति के बाद लिया है।

साथ ही उम्मीद जताई है कि इस बार आकाश पार्टी व मूवमेंट के हित में हर तरह की एहतियात बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। बसपा प्रमुख मायावती ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जनता व देश के हित को प्रभावित होने से बचाने के लिए सरकार का अपराध नियंत्रण जैसे आतंकवाद विरोधी उपाय भी जरूरी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर परमाणु धमकी देता रहता है। उसकी ब्लैकमेलिंग को नहीं सहने संबंधी भारत सरकार की चेतावनी उचित है। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या किसी अन्य तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार न करने की राष्ट्रीय सहमति का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। क्योंकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश अपने अलावा किसी और पर भरोसा न करे तो बेहतर होगा। सीमा पार से बार-बार हो रही घातक आतंकवादी घटनाओं को रोकने के लिए केन्द्र सरकार कोहर संभव ठोस और प्रभावी उपाय करना चाहिए।

# जवानों के त्याग व बलिदान पर देश को गर्व : नड्डा

**देहरादून, 18 मई।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा की रक्षा में तैनात हथियार, उपकरण और अन्य रक्षा संसाधनों की भी जानकारी ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए जवानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश वीर जवानों के त्याग और बलिदान का सम्मान करता है और उनकी कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण पर हैं। वे आज पूर्वाह्न 11:45 बजे गुंजी हेलीपैड पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने रंग संस्कृति की पगड़ी पहनाकर पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने सेना, आईटीबीपी व एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात हथियारों व उपकरणों की जानकारी भी ली। उन्होंने जवानों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया।



पटना : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर इंडिया पॉजिटिव द्वारा आयोजित सशस्त्र बलों के सम्मान में तिरंगा यात्रा'

### लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

**नई दिल्ली, 18 मई (तरुणमित्र)।** आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया। रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों का मास्टरमांइड बताया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैफुल्लाह बीते कई सालों से नेपाल में फर्जी नाम से रहकर लश्कर के कामों को ऑपरेट कर रहा था। उसने नेपाल में विनोद कुमार नाम रखकर नगमा बानू नाम की महिला से शादी भी की। सैफुल्लाह को 2006 में नागपुर में आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले का मुख्य आरोपी बताया जाता है।

## आतंकी कैम्पों और भारत से अदावत में भूखे मर रहे पाकिस्तानी

# भुखमरी और आतंरिक संघर्ष का मारा है पाकिस्तान

हरिमोहन विश्वकर्मा

**नई दिल्ली, 18 मई।** आपरेशन सिन्दूर में पूरी तरह पस्त हो चुके पाकिस्तान में इस नये संकट से स्थिति बेहद खराब होने की सम्भावना है। हालांकि भारत के साथ संघर्ष के दौरान उसने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 20000 करोड़ डालर का कर्ज हासिल करने में सफलता मिल गई है लेकिन इस कर्ज राशि में भी फिलहाल उसे 8500 करोड़ डालर नकद मिले हैं जबकि शेष राशि अगले 28 सालों में मिलनी है।

बहरहाल, आपरेशन सिन्दूर में अपने एयरबेस और मिलेटरी ठिकाने भारतीय सेना के हाथों बर्बाद करा चुका पाकिस्तान फिलहाल दो तरह के आंतरिक संकटों से जूझ रहा है। एक तो बलोचिस्तान की स्वतंत्रता की लड़ाई, जिसने पाकिस्तानी

### कंगाल पाक

- बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार
- बलोचिस्तान की आजादी के संघर्ष ने किया सेना की नाक में दम
- न सम्भला तो स्वयं अपनी परिस्थितियों का शिकार बन जाएगा मुल्क

आर्मी की नाक में दम कर रखा है और दूसरे देश में भुखमरी की स्थिति। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की हालिया जारी एक रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में 2024 में भूख और कुपोषण की स्थिति और खराब हुई जो बेहद चिंताजनक है।

रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1.1 करोड़ लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा की चपेट में थे। यह आंकड़ा देश की कुल विश्लेषित जनसंख्या का 22 प्रतिशत है।

यह संकट विशेष रूप से बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के 68 बाढ़ प्रभावित जिलों में व्याप्त है, जहां जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इन लोगों में से भी 17 लाख लोग 'आपातकालीन' स्थिति में हैं। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में मार्च 2023 से जनवरी 2024 के बीच लगभग 21 लाख बच्चे तीव्र कुपोषण का शिकार हुए।

# बिहार के नवादा में सड़क हादसा, तीन की मौत, दो घायल

**नवादा, 18 मई।** बिहार में नवादा जिले के नगर थाने के ककोनिया पर रविवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया । नवादा जिले के नरहट थाना के छोटी पाली निवासी पूर्व उप मुखिया पंकज चंद्रवंशी,नथ्थू चंद्रवंशी और कारू चंद्रवंशी की बारात से वापसी के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। भाई दुर्गा चंद्रवंशी और जयनंदन चन्द्रवंशी गंभीर रूप से घायल हैं।

जिनका पावापुरी अस्पताल में इलाज केलिए भेज गया। वे लोग जिले के रुपौ थाना अंतर्गत धनवां गांव से बारात से वापस हो रहे थे ।

नवादा जमुई पथ पर कादिरगंज के कोनिया मोड़ के समीप उनकी गाड़ी को किसी ट्रक ने सीधी टक्कर मार दिया। जिस कारण गाड़ी चकनाचूर होकर सड़क के किनारे लुढ़क गई। घायल के परिजनों ने जिला प्रशासन से इलाज में हर समय मदद का आग्रह किया है करने वाले गरीब परिवार के लोग बताई जा रहे हैं।

# संग्रहालय और शिक्षण संस्थान किसी शहर के लिए धरोहर के समान : मंत्री विजयवर्गीय

## भोपाल में डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण

**भोपाल** । नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि किसी शहर के संग्रहालय और शिक्षण संस्थान धरोहर के समान हैं इनका समृद्ध होना समाज के गौरव को बढ़ाता है। उन्होंने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी के लिये डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा बहुत उपयोगी रहेगी। मंत्री विजयवर्गीय रविवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में संग्रहालय की स्थापना से लेकर अब तक के सफर में सहयोग करने वाली संस्थाओं और हस्तियों का सम्मान किया गया।




मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को शैक्षणिक संस्थानों को समृद्ध करके पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सप्रे संग्रहालय की शुरूआत एक छोटे स्वरूप में हुई थी। लगभग पिछले 4 दशकों में इस संस्थान ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर ली है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सुरेश पचौरी ने अपने उदबोधन में कहा कि विजयदत्त श्रीधर ने अपनी लगन से भोपाल शहर को एक अमूल्य धरोहर दी है, जिसका लाभ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को निरंतर मिलता रहेगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पचौरी ने भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से दी जाने वाली मदद को सराहनीय बताया।

संस्थान के संस्थापक सदस्य विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान पुस्तकालय सेवा के 3 प्रारूप में कार्यरत है। पत्रकार एवं पाठक वर्ष 1984 से इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत सीएसआर मद से उपलब्ध धन राशि से सप्रे संग्रहालय के 20 लाख दुर्लभ दस्तावेजों और पुराने जर्जर पृष्ठों का डिजिटलीकरण हुआ है। संग्रहालय की संदर्भ सामग्री का फायदा लेकर 1240 शोधार्थियों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से पीएचडी एवं डी.लिट्. की उपाधियां अर्जित की हैं। संग्रहालय में बिजली की बचत के लिये 10 किलोवाट क्षमता क सौर ऊर्जा पैनल भी लगाये गये है।

समारोह में सहयोग देने वाली संस्थाओं के साथ शिवकुमार अवस्थी, स्व. सुरेश शर्मा, स्व. शौकत रमूजी के उल्लेखनीय योगदान के लिये उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

## आरएसएस कार्यालय केशव कुटी में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता



**जबलपुर**। स्थानीय कांग्रेस नेता एक प्रार्थना पत्र लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय केशव कुटी पहुंचे एवं आरएसएस के पदाधिकारी से मुलाकात की इसके पहले भाजपा नेताओं और मंत्रियों के बयानों को लेकर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी जबलपुर द्वारा शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकाला। यह मार्च गौ-माता चौक, राइट टाउन से प्रारंभ होकर केशव कुटी पहुंचा, जहाँ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संघ कार्यालय में फ्रर के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदीप दुबे, कैलाश गुप्ता, सुरेश अग्रवाल एवं विनोद कुमार से औपचारिक भेंट की और एक प्रार्थना पत्र सौंपा। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान और डिप्टी सीएम देवड़ा द्वारा सेना को लेकर दिए बयान पर आरएसएस मौन क्यों हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ 'नाटी' शर्मा ने कहा कि हमारा विरोध किसी संगठन से नहीं, बल्कि सेना और सेना की महिला अधिकारी का अपमान करने वालों के खिलाफ है। जो खुद को राष्ट्रवादी कहते हैं, वे आज राष्ट्रहित में चुप क्यों हैं? प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी और फ्रर को अपना राष्ट्रवादी चरित्र दिखाना होगा। केशव कुटी तक जाने वाले मार्च में दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, कमलेश यादव, इंदिरा तिवारी, अयोध्या तिवारी, अतुल बाजपेई, सतेंद्र चौबे सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जल विहार की काई निकालकर कलेक्टर ने दिया जल संरचनाओं के संरक्षण का संदेश



**ग्वालियर**। ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में स्थित पुरानी बावड़ियों व अन्य जल संरचनाओं का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर रुचिका चौहान रविवार को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं शहर के पर्यावरण प्रेमियों व नागरिकों के साथ फूलबाग मैदान पहुँचीं और यहाँ स्थित एक पुरानी बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य की शुरूआत कराई। साथ ही जल विहार स्थित जलाशय की काई निकालकर सफाई अभियान प्रारंभ किया। इसके साथ ही इटालियन गार्डन परिसर में स्थित एक बावड़ी की सफाई कर शहरवासियों को जल संरचनाओं को साफ-सुथरा रखने एवं उनका संरक्षण करने का संदेश दिया।

फूलबाग स्थित जिस पुरानी बावड़ी के नजदीक एक सोखता पिट बनवाकर उसे बावड़ी से जोड़ा जा रहा है, जिससे बरसात के दौरान फूलबाग मैदान का पूरा पानी इस बावड़ी में आयेगा। इससे क्षेत्र के जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। अभी तक यह पानी व्यर्थ में स्वर्ण रेखा में होकर बह जाता था।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा कि जल विहार को सभी के सहयोग से साफ-सुथरा बनाया जायेगा। उन्होंने सुबह की सैर एवं योग करने आए शहरवासियों का आह्वान किया कि वे जल विहार को साफ-सुथरा रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही कहा कि आप सब यह जिम्मेदारी निभायें कि कोई भी जल विहार के जलाशय में गंदगी न डालने पाए। जल विहार परिसर में आवारा कुत्तों की वजह से सुबह की सैर में आ रही परेशानी की ओर कुछ लोगों द्वारा ध्यान आकर्षित किए जाने पर उन्होंने जल विहार के मुख्य द्वार पर जाली लगाई जाएं।

जल विहार एवं इटालियन गार्डन के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने यहाँ पर बैठकर पेंटिंग बना रहे फाइन आर्ट कॉलेज के विद्यार्थियों से चर्चा की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पार्षद रेखा त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व शहर के नागरिक मौजूद थे।

**गाँधी प्राणी उद्यान का भी लिया जायजा:** कलेक्टर रुचिका चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान करने के बाद नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के साथ गाँधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) का जायजा भी लिया। उन्होंने खासतौर पर गाँधी प्राणी उद्यान में प्रस्तावित विकास कार्यों के स्थल देखे और सभी कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बाघ, एशियन शेर, विशेष प्रजाति के बंदर, हिप्पो, ऑस्ट्रिच इत्यादि प्राणियों के रहवास व उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे भोजन इत्यादि व अन्य सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली।

## सांवेर को मिली विकास की बड़ी सौगात

### मंत्री सिलावट ने किया लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत के 100 से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार को सांवेर नगर परिषद में आयोजित समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने लगभग 12 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 100 से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिलावट ने कहा पिछले छह वर्षों में सांवेर के सभी 15 वार्डों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए गए हैं। इनमें सीसी रोड, ड्रेनेज, नालियां, पुल-पुलिया, स्ट्रॉम वॉटर लाइन, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम, खेल मैदान तथा गार्डन जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 7 में लगभग 5 करोड़ रुपये लागत का बैराज और फिल्टर प्लांट तथा वार्ड क्रमांक 3 में एक करोड़ रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक खंडेलवाल पंप से रेस्ट हाउस तक लगने का कार्य आरंभ किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज भवन के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति, वन स्टॉप सेंटर की स्वीकृति और स्कूलों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की भी बात कहीं। उन्होंने कहा कि आज सांवेर में चार सुंदर गार्डन तैयार हो चुके हैं। श्रीमंत सिंधिया जी के नाम पर बना गार्डन बहुत सुंदर है। माताजी मंदिर के पास अब एक भव्य गार्डन बन रहा है। सिलावट ने आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए मेट्रो परियोजना भी प्रस्तावित है। साथ ही 6 लेन सड़क, बायपास, कोर्ट भवन (36 करोड़), आईटीआई, कॉलेज लाइब्रेरी, स्टेशन उन्नयन, कृषि मंडी के 9 करोड़ के विभिन्न कार्य और चंद्रावतीगंज से पितृ पर्वत रोड़ की डीपीआर का कार्य भी प्रगतिशील है। उन्होंने कहा कि अब सांवेर संवरता और विकसित बन चुका है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास- राज्य मंत्री जायसवाल



**अनूपपुर**। कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यशालाएं निश्चित ही उन्हें सशक्त बनाएंगी। इस प्रकार की योजनाएं न केवल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ करती हैं। अनूपपुर जिले के पिपरहा गांव में दरी निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को जो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, वह ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। भविष्य में यह गांव दरी बनाने वाले शिल्पियों के लिए प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। ऐसी योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो उन्हें न केवल रोजगार प्रदान करती हैं, बल्कि समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं।

यह बात रविवार को जिले के ग्राम पिपराहा में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल ने कहीं। इस दौरान हथकरघा विभाग के प्रबंधक शिव शंकर पांडेय ने बताया कि पिपरहा गांव में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में 10 दीदियों को प्रतिदिन 3 घंटे तक दरी निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक दीदी को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही हथकरघा विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को आवश्यक कच्चा माल भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण दरी तैयार करना सीख सकें। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात दीदियां स्वयं का कुटीर उद्योग प्रारंभ कर सकेंगी, जिसमें वे स्वतंत्र रूप से दरी निर्माण कर सकेंगी। उनके द्वारा निर्मित दरी को हथकरघा विभाग क्रय करेगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा और वे स्वावलंबी बन सकेंगी। यह योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जिससे ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकेंगी, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त करेंगी। इस दौरान दीदियां बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भाजपा करेगी ऐतिहासिक आयोजन


**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जन जन तक पहुंचाने हेतु 21 मई से 31 मई तक श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस हेतु एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई ।




भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने रविवार को हुई बैठक में बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती भाजपा मनाने जा रही है जिसमें 21 मई से महिला प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम प्रारंभ होंगे जो उनकी जयंती 31 मई तक आयोजित होंगे, 22 मई को रंगोली प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, बुद्धिजीवी सम्मेलन, महिला मैराथन, देवी अहिल्याबाई होलकर कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन होगा, 27 मई को बालिका सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, 28 मई को मंदिर मठ एवं घाटों के सफाई अभियान, 29 मई को नृत्य नाटिका, 30 मई को भाषण प्रतियोगिता एवं 31 मई को देवी अहिल्या बाई जयंती के दिन शौर्य यात्रा आयोजित की जाएगी। देवी अहिल्याबाई की जीवन यात्रा उनके राजमाता से लोकमाता बनने की सफर, उनके द्वारा समाज के उत्थान हेतु किये गए कार्यों को कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक को राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि ने संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने धार्मिक एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेकों काम किए कई मंदिरों का निर्माण करवाया और भारत के उत्थान हेतु अद्वितीय कार्य किए।

## विश्व संग्रहालय दिवस : 'अतीत से भविष्य के सेतु हमारे संग्रहालय' पर व्याख्यानमाला आयोजित

**ग्वालियर**। विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर राज्य संरक्षित स्मारक मोतीमहल में 'अतीत से भविष्य के सेतु-हमारे संग्रहालय' विषय पर रविवार को व्याख्यानमाला आयोजित की गई। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय के तत्वावधान में यह व्याख्यानमाला राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्वानों द्वारा छात्र-छात्राओं व आमजनों को संग्रहालय की महत्ता, पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने व सदुपयोग करने एवं प्राचीन धरोहर से संबंधित पुरातन परंपराओं आदि को सुरक्षित रखने के संबंध में प्रेरित किया गया।



इस आयोजन में पुरातत्वविद् डॉ. मनोज अवस्थी, डॉ. योगेश यादव, डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ. चंद्रशेखर बरूआ सहित अन्य इतिहासविद् व विद्वानजनों सहित लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उप संचालक पुरातत्व एवं अभिलेखागार पी सी महोबिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला एवं अतिथियों का स्वागत किया।

**'म्यूजियम वॉक' भी कराई गई:** व्याख्यानमाला के बाद पुरातत्वविदों, विद्वानों, अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय पुरातत्व संग्रहालय गूजरी महल में 'म्यूजियम वॉक' भी कराया गया। उप संचालक पुरातत्व एवं अभिलेखागार पी सी महोबिया व सपन साहू द्वारा संग्रहालय की सभी दीघाओं का भ्रमण कराया एवं पुरावशेषों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

## इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में कल होगी मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक, तैयारियाँ अंतिम चरण में

### कलेक्टर ने व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों की ली बैठक, कहा- व्यवस्थाओं में नहीं रहे कोई कमी

**इंदौर**। इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में 20 मई को प्रस्तावित मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह ने रविवार को कलेक्टर कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इंदौर के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन की सभी व्यवस्थाएं इसकी गरिमा के अनुरूप होनी चाहिये। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी नहीं रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि आने वाले किसी भी अतिथि को कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। साथ ही जिन स्थलों पर ड्यूटी लगाई गई है, उनका निरीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने आपसी समन्वय और सतत संवाद के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशु प्रजापति, नगर निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, रिंकेश वैश्य तथा निशा डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि राजवाड़ा में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बैठक स्थल, आवास, परिवहन, यातायात, आकस्मिक चिकित्सा, अग्निशमन आदि सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बताया गया कि मंत्रिमंडल बैठक के पूर्व 19 मई को लता मंगेशकर सभागृह में अहिल्या माता के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन होगा। इसी दिन रात्रि में मंत्रियों द्वारा प्रसिद्ध सराफा बाजार चौपाटी का भ्रमण भी प्रस्तावित है। बैठक के दौरान कलेक्टर आशीष सिंह ने बगैर सूचना के अनुपस्थित अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती सुप्रिया बिसेन के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

**अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व:** कलेक्टर ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। राजवाड़ा के भीतरी क्षेत्र के लिए अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य को जवाबदारी दी गई है। इसी तरह राजवाड़ा के बाहरी भाग में व्यवस्थाओं के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार गणेश हाल के लिए एसडीएम प्रदीप सोनी, दरबार हाल के लिए संयुक्त कलेक्टर प्रिया पटेल, राजवाड़ा स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रतिमा पर माल्यार्पण की व्यवस्था के लिए नगर निगम के उद्यान प्रभारी नागेंद्र भदोरिया, विद्युत संबंधी व्यवस्था के लिए अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल मनोज शर्मा, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या एवं एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, अन्य व्यवस्थाओं के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री मनीष उदेनियां आदि को जवाबदारी सौंपी गई है। सभी मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग हेतु लाइजनिंग अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है।

# आज जल का संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ी को दे सकते हैं एक सुरक्षित कल: मंत्री कृष्णा गौर

## प्रभारी मंत्री ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान सर्वोच्च प्राथमिकता वाला अभियान है। जल संरक्षण की दिशा में चलाया जा रहा यह अभियान आने वाली पीढ़ी को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अभियान है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जिस तरह से चलाया जा रहा है वह निश्चित ही सराहनीय है। जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की भागीदारी से इस अभियान का उद्देश्य सार्थक और सफल होगा।

बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें समय-सीमा में पूरा किया जाए। हमें जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करके भूजल स्तर को ठीक करना है, ताकि भविष्य में निर्बाध रूप से पानी मिलता रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी आज यह तय करें कि हम जमीन से पानी लेने के साथ ही जमीन को पानी देने का कार्य भी करेंगे। इस अभियान से पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर उनका संरक्षण करने का कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर जल स्त्रोतों को पीने योग्य बनाएं। इससे सभी जल स्त्रोत पुनर्जीवित होंगे और हमें पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

बैठक में विधायकगण सुदेश राय व गोपाल सिंह इंजीनियर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण के प्रभावी संचालन के संबंध में अनेक सुझाव भी दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, सीहोर जनपद अध्यक्ष नावडी बाई, अष्टा जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, डीएफओ मगन सिंह डावर, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री कृष्णा गौर ने सभी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी और सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से जल का संरक्षण कर भविष्य में उत्पन्न होने वाले जल संकट को रोका जा सकता है।

# पेड़ काटे जाने के विरोध में बच्चों के साथ थाने पहुंचे रहवासी
## बाग मुगालिया में अज्ञात पर केस दर्ज करने की मांग



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पेड़ की हत्या का मामला सामने आया है। पेड़ के काटे जाने के विरोध में रविवार को रहवासी बच्चों के साथ थाने पहुंच गए। मामला बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी का है। यहां करीब 20 फीट ऊंचे और 4 साल पुराने पेड़ को अज्ञात व्यक्ति ने काट दिया। इस पर नाराज लोगों ने थाने पहुंचकर आपराधिक केस दर्ज किए जाने की मांग की।

लोगों ने कहा कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पेड़ काटने वाले को पकड़ा जाए। बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि कॉलोनी के एचआईजी 257 के सामने एवं नवनिर्मित स्कूल की बाउंड्री के बगल में 12 जून 2021 को एक पीपल का पेड़ लगाया गया था।

पेड़ काफी बड़ा हो गया था जिसे दो दिन पहले जड़ से काट दिया गया जिससे गहरा आघात लगा है। यह पेड़ की हत्या प्रतीत होता है। उच्चतम न्यायालय ने भी पेड़ों की कटाई मानव हत्या से बड़ा अपराध बताया है। इस दौरान लोगों ने हमीरपुर में पेड़ को टक्कर मारने पर ट्रक चालक के विरुद्ध केस होने के मामले का भी हवाला दिया। तिवारी ने बताया कि हमीरपुर में भी पेड़ को टक्कर मारने पर ट्रक के ऊपर मामला दर्ज किया गया जा चुका है। उक्त प्रकरण में भी अज्ञात पर हत्या का प्रकरण दर्ज हो और फिर उसे ढूंढा जाए। जांच कर इस प्रकार की कार्रवाई की जाए, जैसे किसी व्यक्ति की हत्या के बाद की जाती है, क्योंकि आने वाले समय में हमें जिंदा रहने के लिए पेड़ों को बचाना बहुत जरूरी है। जो पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, वही पेड़ ऐसे काट दिए जाएंगे तो मानव जीवन, पशु-पक्षी का जीवन संकट में आएगा। जिसके अंदर ऑक्सीजन है। वह जीवित माना जाता है तो फिर पेड़ जो मनुष्य को ऑक्सीजन दे रहे हैं उसे काटने वाला भी बड़ा अपराधी है।

# नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत, मामा के लड़के को बचाने में गई दो सगे भाइयों की जान

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में रविवार सुबह नदी में डूबने से तीन भाइयों की मौत हो गई। करीब दो घंटे बाद तीनों को नदी से निकाला जा सका। परिजन तीनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दो सगे भाई शामिल है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। दो सगे भाई अमन तिवारी (18), अभय तिवारी (17) समेत उनके मामा का बेटा अभिषेक मिश्रा (24) पैपखार गांव में निहाई नदी में नहाने गए थे। जहां नहाते समय अभिषेक गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए अमन और अभय भी पहुंचे। लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं होने से वे भी डूब गए। तीनों युवकों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दो घंटे बाद शवों को बाहर निकाला। तीन भाइयों की मौत से परिजन बदहवास हो गए। तीनों को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम मऊगंज सिविल अस्पताल में किया गया। अमन-अभय के पिता अनिल तिवारी पेशे से रजिस्ट्री लेखक हैं। वहीं अभिषेक मिश्रा मऊगंज के दुगोली गांव का रहने वाला था। अभिषेक एचडीएफसी बैंक की मऊगंज ब्रांच में क्लर्क था। शनिवार को ड्यूटी के बाद बुआ के घर पैपखार आया था।

## जमीन को लेकर दो जगह मारपीट, पति-पत्नी सहित छह पर केस दर्ज

**राजगढ़।** देहात ब्यावरा थाना क्षेत्र के ग्राम लसुड़लियागुर्जर में रविवार दोपहर खेत की तार फेंसिंग को लेकर हुए विवाद में गांव के चार लोगों ने महिला के साथ मारपीट कर दी, वहीं ग्राम कचनारिया में जमीन के हिस्से को लेकर बहू-बेटा ने मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों प्रकरण में आरोपित पति-पत्नी सहित छह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम लसुड़लिया गुर्जर निवासी राधाबाई पत्नी रामबाबू दांगी ने बताया कि खेत की तार फेंसिंग को लेकर हुए विवाद पर गांव के पुरुषोत्तम दांगी, सुरेश दांगी, सुनील और रामकैलाश दांगी ने एकराय होकर लाठी-डंडों से मारपीट की,जिससे महिला को गंभीर चोटें लगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : मप्र में जल संरक्षण और जल संरचनाओं के पुनरुत्थान का कार्य जारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान पर्यावरण और जल संरक्षण, जल संरचनाओं के पुनरुत्थान और सांस्कृतिक चेतना का समवेत संगम बन गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने इस अभियानह्न से जल संकट के समाधान के लिये गंभीर पहल की है। जल संकट देश-प्रदेश ही नहीं पूरी दुनिया की चिंता का विषय है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए तो यह जीवन-मृत्यु का विषय है। भविष्य की चिंताओं का समाधान आज के अभियान में जल संवर्धन के प्रयासों में निहित है। जनसंपर्क अधिकारी क्रांतिदीप अलूने ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान एक बहुस्तरीय आयोजन है। इसका उद्देश्य राज्य के जल स्त्रोतों जैसे नदियों, तालाबों, झीलों, बावड़ियों, पुराने कुओं और जलधाराओं को पुनर्जीवित करना और उन्हें सतत रूप से संरक्षित करना है। यह अभियान सरकारी योजना से आगे बढ़कर अब जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। जल गंगा



संवर्धन अभियान में पुराने जल-स्त्रोतों का पुनरूद्धार पुनीत कार्य- उप मुख्यमंत्री देवड़ा उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जबलपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिये संचालित की जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम के गुरैया गांव में बने खेत तालाब, कूप रिचार्ज निर्माण और बघराजी गांव में में लैगून पद्धति से जोगी तालाब के विस्तार एवं सुदृढीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बघराजी में जन समुदाय को संबोधित करते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में तत्परता से कार्य करने के लिए प्रशासन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश भर में ताल, तलैया, कुएं एवं बावड़ी सहित विभिन्न जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के साथ ही प्राचीन जलस्त्रोतों को सूचीबद्ध कर उन्हें पुनर्जीवित किये जाने का पुनीत कार्य हो रहा है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कुंडेश्वर धाम के साथ ही हनुमान ताल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। हनुमान ताल के उन्नयन के लिए अमृत योजना के तहत 55 लाख 09 हजार 514 रूपए की लागत से डी-सिल्टिंग, फेंसिंग और एरिएशन के कार्य किए जा रहे हैं।

# शराब दुकान के गेट को लेकर हंगामा

## ठेके का दूसरा गेट खुलने पर रहवासियों ने जताया विरोध, सड़क पर उतरे लोग

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक शराब की दुकान के गेट को लेकर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। फॉरच्यून डिलाइट सोसाइटी के बाहर बड़ी संख्या में रहवासी इकट्ठा हुए और शराब दुकान के दूसरे गेट के खिलाफ प्रदर्शन किया। रहवासियों का आरोप है कि शराब ठेके का एक गेट पहले से मेन रोड की ओर था, लेकिन अब ठेकेदार ने इसका दूसरा गेट भी रोड की दूसरी दिशा में खोल दिया है। इससे मोहल्ले के लोग खासतौर पर महिलाएं और बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

बागसेवानिया स्थित संचालक को जिस जगह पर दुकान आवंटित की गई है, उस तरफ से दुकान का शटर बनाकर शराब बेची जा रही हैं लेकिन दुकान संचालक ने दुकान के पिछली तरफ भी पीएचई विभाग की जमीन पर कब्जा कर दूसरा गेट खोल दिया है। दुकान के आगे पीछे दो गेट बनाकर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है।

अवैध रूप से पीछे बनाये गए गेट के चलते वहां के रहवासी ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और विरोध जताया है। दरअसल अवैध रूप से खोले गए इस गेट के सामने कई कालोनियां है। शराब की दुकान का यह अवैध शटर इन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सुबह से ही यहां खरीदारों की भीड़ लग जाती है जो देर रात तक जारी रहती है। ऐसे में यहां से स्कूल-कालेज जाने वाली बच्चियों या फिर कालोनी के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम होते ही कालोनी के लोगों को घरों में कैद रहने मजबूर हो जाना पड़ता है।

सोसाइटी की अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने बताया कि शराब दुकान के लिए जो लाइसेंस मिला है, वह पहले गेट के लिए ही जारी हुआ था। दूसरा गेट खोलना पूरी तरह से अवैध है। जिस तरफ दूसरी गेट खोली गई है। वहां पास ही में बाजार भी है। लोग अक्सर बाजार जाते रहते हैं। ऐसे में यह सुरक्षित नहीं है। वहीं लाइट नहीं होने से एक्सीडेंट का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गली में कई गुमटियां लग गई हैं, जिससे यहां भीड़भाड़ बनी रहती है। इससे महिलाओं और बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है। रहवासियों के विरोध की खबर मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। मीडिया के कैमरे और एसडीएम को देखते ही शराब दुकान में मौजूद स्टाफ ने फौरन अवैध तरीके से खोले गए शटर को बंद कर दिया। एसडीएम ने जब दुकान के दस्तावेज जांचे तो पिछला गेट अवैध रूप से खोलना पाया गया, जिसके बाद दुकान संचालक को चेतावनी दी गई है। फिलहाल दबाव के बाद दुकान का दूसरा गेट बंद कर दिया गया है, लेकिन लोगों को आशंका है कि इसे फिर से खोला जा सकता है। यदि ठेकेदार ने दोबारा गेट खोला, तो रहवासी आगे की कार्रवाई करेंगे।

### राजवाड़ा में होने वाली मंत्रि-परिषद की बैठक में जनता के हित में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई माता होल्कर का 300वां जयंती वर्ष पूरे हर्षोल्लास से मना रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन, स्वावलंबन, आत्म-निर्भरता और महिला कल्याण की मिसाल लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के पुण्य सम्मान में मध्य प्रदेश सरकार की मंत्रि-परिषद की बैठक 20 मई को इंदौर शहर के राजवाड़ा में होगी। यह पहली बार होगा, जब मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक राजवाड़ा जैसे ऐतिहासिक स्थल पर होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजवाड़ा में मंत्रि-परिषद की बैठक देवी अहिल्या बाई होल्कर के गौरवपूर्ण जीवन और उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक पुण्य अवसर होगा।

# शीतलदास की बगिया के पास बड़े तालाब में डूबने से कारोबारी की मौत, पत्नी के सामने हुआ हादसा

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बड़े तालाब में शीतलदास की बगिया के पास रविवार सुबह एक कारोबारी की डूबने से मौत हो गई। हादसे के समय कारोबारी की पत्नी भी मौजूद थी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब डेढ़ घंटे बाद शव को तलाशा । पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार राजेश जैन (51) निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी डीआईजी बंगला बाइक पार्ट्स बेचने का काम करते थे। उनकी दुकान बैरसिया रोड पर थी। इसी के साथ वे एक सर्विस स्टेशन का भी संचालन करते थे। इन दिनों ईदगाह हिल्स के एक स्विमिंग पूल में तैराकी सीखने जा रहे थे। हालांकि उन्हें तैरना नहीं आया था। रविवार की सुबह राजेश जैन अपनी पत्नी को साथ लेकर शीतलदास की बगिया गए। यहां से वह बड़े तालाब में तैरने के लिए उतर गए। करीब साढ़े नौ बजे तैरते समय अचानक गहरे पानी में जाने से उनकी पत्नी को दिखना बंद हो गए। तत्काल पत्नी ने शोर मचाकर मदद मांगी। न्यू मार्केट में रहने वाले अपने जेठ को कॉल कर जानकारी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने के बाद गोताखोरों ने शव की तलाश शुरू की। करीब 11 बजे शव को बरामद कर लिया गया। इसके बाद बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक राजेश के दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी है। बेटी का ग्रेजुएशन हो चुका है। वह भोपाल में ही रहती है। वहीं बेटा जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। मौत की सूचना के बाद वह जयपुर से भोपाल के लिए रवाना हो गया है।

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर




**राजगढ़।** जिले के ब्यावरा शहर में रविवार को भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में नागरिक एकता मंच के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगरवासियों ने हाथ में तिरंगा लेकर भारतमाता की जय के नारे लगाए।

यह यात्रा आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता का प्रतीक बनी। यात्रा में राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार हाथ में तिरंगा लेकर शामिल रहे।तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मां वैष्णोंदेवी धाम मंदिर से हुआ, जो शहर के पीपल चौराहा, मैन मार्केट, जगात चौक, अहिंसाद्वार से एबी.रोड़ होते हुए जयस्तंभ पुराना बसस्टेंड पहुंची। यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा और शीतल पेयजल के द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व सैनिकों की उपस्थिति ने यात्रा को विशेष गरिमा प्रदान की,इनकी सहभागिता ने आमजन को प्रेरणा दी साथ ही सैनिकों के त्याग का स्मरण कराया। यात्रा में सभी धर्म व सभी वर्ग के लोग मौजूद रहे।

यह यात्रा केवल एक शोभायात्रा नही बल्कि राष्ट्रीय एकता, शांति और आतंक के खिलाफ संकल्प का प्रतीक बनी।

यात्रा के दौरान संत प्रमोद नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, दीपेन्द्रसिंह चैहान, अमित शर्मा, विहिप जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जगदीश पंवार,विष्णू साहू, गोपाल जाटव, गोपाल बादशाह, रामनारायण दांगी, दीपकमल शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# मध्य प्रदेश में नित नये नवाचार से गतिमान हुआ सहकारी आंदोलन

## विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री विश?वास कैलाश सारंग के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग में नित नये नवाचार किये जा रहे हैं और नवाचार से गति पकड़ता जा रहा है मध्य प्रदेश सहकारी आंदोलन गतिमान हुआ है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भोपाल के राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में बताया कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में मध्य प्रदेश देश में प्रथम रहा। उन्होंने शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिये प्रदेश की सराहना की। जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश रायकवार ने रविवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लिये लगभग हर माह सहकारिता संबंधी आयोजन करने का संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों के आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवायी जा रही है। नवाचार और अच्छा कार्य करने वालों को साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी के रूप में सम्मानित भी किया जायेगा। सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिये मध्य प्रदेश की हर पंचायत पर पैक्स स्थापित किये जायेंगे। सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। नई दिल्ली के इण्डिया हेबिटेड सेंटर में आयोजित 100वें राष्ट्रीय स्कॉच समिट में मध्य प्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) को उनके फर्टिलाइजर सप्लाई चैन ऑटोमेशन प्रोजेक्ट आईएफएसएस को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के तहत सहकारिता क्षेत्र में कुल 2305 करोड़ राशि में 19 एमओयू हुए। यह एक क्रांतिकारी पहल है, जब नये सीपीपीपी मॉडल के तहत इतने एमओयू सहकारिता क्षेत्र में हुए।



विभाग की गतिविधियों पर निरन्तर ध्यान दिया जा रहा है। सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी। अब विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति का एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। इसी प्रकार अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में आईबीपीएस से भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। अपेक्स बैंक में 47 अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हुई है और 197 की भर्ती प्रक्रियाधीन है। जिला सहकारी बैंकों में 1099 समिति प्रबंधक और 1568 बैंकिंग सहायक की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गयी है और 2675 पदों पर भर्ती की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है। मध्य प्रदेश में भारत सरकार से प्राप्त मॉडल बायलॉज सभी पैक्स में लागू कर पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाया गया है।

प्रत्येक ग्राम पंचायत में एम-पैक्स की स्थापना की जा रही है। प्रथम चरण में 637 नये एम-पैक्स के गठन की कार्यवाही शुरू है। प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सुविधा आमजन को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों की 773 शाखाओं और उनसे संबद्ध 4000 पैक्स संस्थाओं द्वारा लगभग 4800 माइक्रो एटीएम का संचालन किया जा रहा है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में सरल एवं शीघ्र लेन-देन की बैंकिंग सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। मध्य प्रदेश सरकार किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम कर रही है। बीज संघ को उन्नत स्तर पर पहुँचाने का प्रयास जारी है।

बीज संघ से चीता बीज के नाम से नया ब्रॉण्ड लांच किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से चीता बीज का वितरण किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में मध्य प्रदेश ने भी कैलेण्डर बनाकर सहकारी आंदोलन के माध्यम से लोगों को जोड़ने और पारदर्शिता लाने का काम किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से सेवाओं की पूर्ति पर भी काम किया जा रहा है। गाँव की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर 3 शीर्ष स्तर की संस्थाएँ बनायी गयी हैं। इससे सहकारी आंदोलन सशक्त हुआ है।

भारत सरकार द्वारा देश की सभी सहकारी संस्थाओं की जानकारी राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल पर अपलोड करायी जा रही है। मध्य प्रदेश की सभी सहकारी संस्थाओं की एन्ट्री पोर्टल पर कर दी गयी है। मध्य प्रदेश, भारत सरकार की सहकारिता की गतिविधियों में लगातार कदम से कदम मिलाकर सहकारिता आंदोलन को गति देने का काम कर रहा है। आने वाले समय में मध्य प्रदेश सहकारिता के कई आयामों में अग्रणी होगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 19 मई 2025
विक्रम संवत्– 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष– षष्ठी

## आम आदमी पार्टी में विभाजन

ऐसा लगता है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली शिकस्त के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्लीवासियों को ही नहीं, बल्कि अपनी पार्टी को भी उसके हाल पर छोड़ दिया है। तभी तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी को लगे तगड़े झटके के बावजूद केजरीवाल की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर नया राजनीतिक दल बना लिया है। पार्षदों ने इस पार्टी का नाम इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी रखा है। यह कदम आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने एमसीडी चुनाव में मिली हार के बाद उठाया है। नयी पार्टी का नेतृत्व मनीष गोयल कर रहे हैं जो दिल्ली नगर निगम में पार्टी के नेता रहे हैं। दिल्ली के हाल के विधानसभा चुनाव में उन्होंने आदर्शनगर से चुनाव भी लड़ा था लेकिन भाजपा प्रत्याशी ने उन्हें हरा दिया था। 2025 की शुरूआत में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को बुरी हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद पार्टी के अंदर लगातार असंतोष और खींचतान का माहौल है। अब 13 पार्षदों के इस्तीफे ने पार्टी की मुश्किलें और अधिक बढ़ा दी हैं। उधर, पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पूरी तरह दिल्ली से गायब है, जबकि यह वही दिल्ली है जिसने उन्हें 10 साल से अधिक समय तक आँखों पर बिठाए रखा। परन्तु दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद पिछले तीन महीने से वे लापता हैं। फरवरी में चुनाव हारने के बाद से पिछले तीन महीने में वे दो बार पार्टी की बैठक में शामिल हुए। दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में उन्होंने बेटी की शादी से जुड़े कुछ कार्यक्रम अवश्य किए थे, परन्तु शादी की रस्में पंजाब के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस में हुई थीं। इसे लेकर भी सवाल उठे थे और विरोधियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सीएम आवास को बारात घर बना दिया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा और हिंदी फिल्मों की हिरोइन परिणीति चोपड़ा की शादी भी कपूरथला हाउस में हुई थी। बहरहाल, तीन महीने से केजरीवाल दिल्ली की राजनीति से दूर ज्यादा समय पंजाब में बिता रहे हैं क्योंकि पंजाब विधानसभा चुनाव में अब दो साल से कम समय रह गया है। मार्च 2027 में पंजाब का चुनाव होना है। केजरीवाल को पता है कि दिल्ली के बाद अगर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सत्ता गई तो फिर बड़ा संकट होगा और पार्टी को बचाना मुश्किल हो जाएगा। दिल्ली में सत्ता से बाहर होते ही पार्टी के हाथ से नगर निगम भी निकल गया है। चंडीगढ़ नगर निगम भी उनकी पार्टी गंवा चुकी है। पंजाब के अलावा किसी और राज्य में सत्ता के आसपास पहुंचने की भी संभावना नहीं दिख रही है। दिल्ली में सत्ता में रहते आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बनने के नजदीक थी। केजरीवाल तब कहते थे कि दिल्ली में उनकी पार्टी को हराने वाला अभी पैदा नहीं हुआ। अब वही केजरीवाल दिल्ली में पार्टी में टूट के बाद भी चुप हैं। थोड़े से समय में यह भारतीय राजनीति में किसी राजनीतिक दल के उदय और पतन की दुर्लभ कहानियों में से एक है।

### पद की है तलाश !


कृष्णेन्द्र राय

अवसर रहे निहार ।
पद की है तलाश ।।
ना रहना है आम ।
बन ही जाना खास ।।
गुणा भाग में माहिर ।
जा रहा संदेश ।।
पर पहले टटोलना ।
बढ़े ना कलेस ।।
दिख जाए पर जल्द ।
नया कुछ अवतार ।।
मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।
बहती रहे बयार ।।
फैसला तो मान्य है ।
पर कसक है बाकी ।।
ना आई पर काम ।
कोई भी चालाकी ।।

### सूडोकु नवताल- 7434
★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7433 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना


डॉ. आशीष वशिष्ठ

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं।

मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन कर-के भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा' तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि-लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में 'नेशन फर्स्ट' का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव और विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# पाकिस्तानी दोस्त तुर्की पर जबरदस्त चौतरफा 'स्ट्राइक'




'आपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को सबक सिखाने के बाद अब उसके सहयोगियों को देश ने सबक सिखाना शुरू कर दिया है। इस श्रंखला की पहली कड़ी तुर्किये है। उल्लेखनीय है कि विगत 6 फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता वाला सदी का सबसे शक्तिशाली भूकम्प आया था। इस आपदा में 60 हजार से अधिक लोगों के हताहत होने, लगभग 1.50 लाख भवनों के धूलधूसित होने तथा 15 लाख से ज्यादा लोगों के बेघर होने की स्थिति निर्मित हुई थी। तब मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने 'आपरेशन दोस्त' चलाया था। सबसे पहले भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी जिसमें राहत सामग्री भरकर सी-17 श्रेणी के 6 विमान तथा चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाइयों से सुसज्जित सुपर हरक्यूलिस श्रेणी का विमान भेजे गये थे। इसके अलावा भारतीय सेना के 250 जवानों सहित एनडीआरएफ के 50 दक्ष सेवाकर्मियों के दलों को भी सहायतार्थ पहुंचाया गया था।

चिकित्सा जगत के 99 भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने तुर्किये में 30 बिस्तरों का फील्ड अस्पताल बनाकर वहां के 4 हजार से अधिक मरीजों की सर्जरी, क्रिटिकल केयर, आपरेशन के साथ साथ अन्य जटिल आपातकालीन इलाज किया था। कपडे, टैंट, बचाव उपकरण, जनरेटर्स, एक्सरे मशीन, वैन्टिलेटर्स, ईसीजी मशीनें, कम्बल, दैनिक उपयोग की सामग्री, राशन, फल, मेवा, पौषिक आहार, शक्तिवर्धक औषधियों सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी भारत ने भेजी थी। उसी देश ने अहसान फरामोशी का कीर्तिमान स्थापित करते हुए विगत 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए धर्मगत आतंकी हमले के गुनहगार पाकिस्तान पर किये गये 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे खुलकर समर्थन ही नहीं दिया बल्कि हथियारों का जखीरा, सैन्य उपकरण, उपकरणों के आपरेटर्स, कूटनैतिक तथा आर्थिक सहयोग तक मुहैया कराया था। सूत्रों के अनुसार तुर्किये ने पाकिस्तान को 350 से अधिक ड्रोन सहित बेतहाशा गोलाबरूद आदि दिये थे ताकि वह आपरेशन सिंदूर का मुंहतोड जवाब दे सके। इसी क्रम में विगत 4 मई 2025 को तुर्किये नौसेना युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा एफ-512 भी कराची पोर्ट पर सहायतार्थ पहुंच गया था ताकि भारतीय नौसेवा के साथ खुली जंग हो सके। अतीत में भी अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर तुर्किये द्वारा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया जाता रहा है। अब भारत ने तुर्किये के खिलाफ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक नाकेबंदी हेतु कूटनैतिक प्रयास तेज कर दिये हैं। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, जामिया विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों ने तुर्किये के साथ हुए अपने अनेक अनुबंध निलम्बित कर दिये हैं जिससे वहां विकसित हो रही शिक्षा संभावनायें एक झटके के साथ रुक गई। दूसरी ओर दिल्ली, किशनगढ़, उदयपुर, चित्तौडगढ़ तथा सिलवासा के मार्बल व्यवसायियों ने पाक सहयोगी से मार्बल के आयात को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा कर दी है। मालूम हो कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 14.5 लाख मीट्रिक टन मार्बल का आयात करता है जिसमें से 10 लाख मीट्रिक टन मार्बल केवल तुर्किये से आता था। इस तरह लगभग 2500 करोड़ रुपये का कारोबार शून्य पर पहुंच गया। देश के मार्बल व्यापार संगठनों की माने तो वे अब तुर्किये के स्थान पर इटली, वियतनाम, स्पेन, क्रोशिया, नामीबिया तथा ग्रीस जैसे देशों से माल मंगाकर उच्चतमस्तर के विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे।

इसी तरह देश के फल व्यापारियों ने भी तुर्किये के सेब के आर्डर कैंसिल करना शुरू कर दिये हैं। भारतीय पर्यटकों ने भी इस देश की पूर्व निर्धारित यात्रायें स्थगित करना शुरू कर दीं हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों ने गत वर्ष तुर्किये को लगभग 4 हजार करोड़ का मुनाफा दिया था। तुर्किये के ब्रैंड्स को आनलाइन घायल करने के लिये रिलायंस तथा फ्लिपकार्ट ने भी प्रहार शुरू कर दिये हैं। रिलायंस के आजियो तथा फ्लिपकार्ट के मिंत्रा पर तुर्कीश बैंड्स का सामान आउट आफ स्टाक दिखने लगा है। ज्ञातव्य है कि तुर्किये के ई-कामर्स प्लेटफार्म ट्रेंडयाल के मार्केटिंग राइट्स भारत में खरीदे गये थे। मिंत्रा ने ट्रेंडयाल पर लिस्टिड सभी तुर्कीश ब्रैंड्स की सेल अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दी है। रिलायंस ने तो तुर्की में स्थापित अपने सारे आफिस बंद कर दिये हैं। भारत सरकार ने तो बड़ा झटका देते हुए तुर्की की ग्राउण्ड हैंडलिंग सर्विस देने वाली कम्पनी सेलेबी एविएशन की सिक्योरिटी क्लीयरेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। बौखलायी तुर्किये की कम्पनी ने भारत में मौजूद मीर जाफरों की फौज के सहयोग से भारत सरकार के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है ताकि देश के लचीले संविधान की आड में सरकार के राष्ट्रवादी कदमों को रोक जा सके। बहरहाल, गत शुक्रवार को सीएआईटी द्वारा आयोजित बिजनेस लीडर्स का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश भर के 125 से अधिक प्रमुख दिग्गजों ने भाग लिया, उस सम्मेलन में भी तुर्किये और अजरबैजान के साथ यात्रा, पर्यटन, व्यापार, वाणिज्य, तकनीक आदि सभी क्षेत्रों में बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। सरकारी संस्थाओं से लेकर निजी संगठनों तक ने 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान आतंकी देश पाकिस्तान के सहयोगी राष्ट्र तुर्किये पर प्रहार पर प्रहार करने शुरू कर दिये हैं। ऐसे में पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने हेतु निकलने वाले मल्टी पार्टी डेलिगेशन के शशि थरूर-कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद भाजपा, संजय झा जदयू, बैजयंत पंडा भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि डीएमके, सुप्रिया सुले एनसीपी पवार तथा श्रीकान्त शिन्दे एनसीपी का विश्वव्यापी दौरा निश्चय ही आने वाले समय में पाकिस्तान को आतंकिस्तान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# नौकरी पात्रता में पुराना ढर्रा छोड़े सरकार


प्रेम शर्मा

आज का जीवन तेजी से डिजिटलीकृत हो रहा है। कंप्यूटर शिक्षा युवाओं को इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने में मदद करती है। कंप्यूटर कौशल की मांग सभी क्षेत्रों में बढ़ रही है। जिससे कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त युवाओं को विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है। शायद यही कारण है कि देश के युवाओं ने अपनी शिक्षा के साथ अब कम्युटर शिक्षा को अनिवार्य मानते हुए अलग अलग तरीके के कम्प्यूटर कोर्स करने शुरू कर दिये है।

प्रतिवर्ष राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित यूपीटेक जैसे तमाम जगहों से प्रतिवर्ष हजारों बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा लेकर ट्रिपल सी, ओ लेबिल, एलेबिल, डाटा एन्ट्री, टेली विथ जीएसटी आदि के प्रमाण पत्र लेकर कंप्यूटर शिक्षा में दक्ष होकर बेकार घूम रहे है। यही नही इंटर के बाद सरकारी सेवा की लालच में बच्चों ने बीसीए और एमसीए को अपना टारगेट बना रखा है। हजारों बच्चें आज बीसीए और एमसीए करने के बाद निजी संस्थानों में काफी कम मानदेय में नौकरी कर रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा निकाली जाने वाली भार्तियों में आज भी लगभग वही पुराना ढर्रा अपनाया जा रहा है। अब जबकि ग्राम पंचायत से लेकर शीर्ष कार्यालयों तक कंप्यूटरीकरण का अत्याधिक उपयोग शुरू हो चुका है ऐसे में पुराने ढर्र पर भार्तियों के चलते शिक्षणा संस्थानों से लेकर आम और खास कार्यालयों तक में कंप्यूटर शिक्षित र्कीर्मिकों की कमी खल रही है। हालांकि केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने कर्म खर्च में काम की रणनीति अपनाते हुए संविदा और ठेका प्रणाली से नाममात्र के कंप्यूटर शिक्षित लोगों को काम दे रखा है लेकिन उसका उतना लाभ न तो सरकार उठा पा रही है न ही आम जनमानस को उसका लाभ मिल पा रहा है। यहां यह मुद्दा उठाने के पीछे कई लाजिक है। जैसे पुलिस विभाग में आज के दौर में सबसे ज्यादा साइबर अपराध हो रहे ऐसे में इस क्षेत्र के आपराधियों से निपटने के लिए भारी भरकम शरीर या उच्च शिक्षित कार्मिक की जगह अगर कंप्यूटर विशेषज्ञ इनके साइबर सेल शामिल किए जाए तो इस तरह के अपराधियों को पकड़ने में सहायता मिलेगी। अगर इस आधार पर प्रत्येक जिले के साइबर सेल में कंप्यूटर विशेषज्ञों की भर्ती की जाए तो काफी कंप्यूटर विशेषज्ञ छात्रों को रोजगार मिल सकता है। यही हाल रेलवे, कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा मंत्रालय, राजस्व, आयकर, बिक्रीकर सहित शिक्षा विभाग का है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के सचिवालयों में तो हर हाल में कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती होनी चाहिए। क्योकि अब तक सचिवालयों में 90 प्रतिशत काम पेपर लेस के करीब पहुंच चुका है। यही नही अगर वाकई सरकार पेपर लेस वर्क के आधार पर काम कर रही है तो उसे हर छोटे से बड़े विभाग में एक अलग कंप्यूटर विंग बनाना चाहिए जिसमें उधर या आधे अधूरे ज्ञान वाले नही बल्कि पात्र कंप्यूटर विशेषज्ञों की तैनाती की जाए। क्योकि पिछले कुछ सालों में हर विभाग में कंप्यूटरीकरण के नाम पर हजारों हजार कंप्यूटर खरीद कर इन्टरनेट से जोड़ तो दिये गए लेकिन कार्मिकों को कंप्यूटर का ज्ञान न होने के कारण वे डिब्बे या फिर गेम खेलने के काम आ रहे है। अगर सरकार एक बार अपना पुराना भर्ती की पात्रता को दरकिनार कर हर विभाग में फिलहाल रिक्त पदों पर पद के सापेक्ष 50 प्रतिशत पदों पर कंप्यूटर की पात्रता वाले युवाओं को भर्ती कर ले




तो व्यापक स्तर पर सुधार दिखाई देगा।

हालाकि कि सरकार की अपनी नीति के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकारों के अधिनस्थ रिक्त पदों की संख्या खुलकर या स्पष्ट रूप से सामने नही आती लेकिन कभी कभार सदन में उठाये जाने वाले प्रश्नों के माध्यम से पता चलता है कि केन्द्र सरकार के अधिनस्थ वर्तमान समय से दस लाख और प्रत्येक राज्य सरकारों में औसतन 30 से 40 प्रतिशत पद रिक्त है।

सबसे खात बॉत यह कि चतुर्थ श्रेणी संवर्ग जिसमें सर्वाधिक लोगों को रोजगार मिलने से उनके परिवाार का भरण पोषण होता था उसे समाप्त कर सरकार ने ठेका प्रथा के हवाले कर इस संवर्ग के लोगों का मानसिक, आर्थिक शोषणा का रास्ता खोल दिया है। आज देश में केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिनस्थ ठेका प्रथा में शोषण का शिकार हो रहे कार्मिकों की संख्या करोड़ का आकड़ा पा कर गई है। एक जानकारी के अनुसार अभी केंद्र सरकार के तहत आने वाले लगभग 78 विभागों में 9.79 लाख पद खाली हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों के लगभग 10.6 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। पूरे देश में शिक्षकों के 61 लाख 84 हजार 464 पद स्वीकृत हैं, जबकि अलग-अलग राज्यों में कुल 10 लाख 60 हजार 139 पद खाली हैं। इसमें बिहार और यूपी टॉप पर देखे जा सकते है। यानि कि इनमें अगर दस प्रतिशत भी कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती बदलते परिवेश और जरूर के हिसाब से कर दी जाए तो एक लाख ओ लेबिल, ए लेबिल, बीसीए और एमसीए बच्चों को सरकार रोजगार दे सकती है। इसी तरह रेलवे में लगभग 2,37,295 पद खाली है। मंजूर पदों की तुलना में 15 प्रतिशत पद खाली हैं। गृह मंत्रालय में लगभग 1,28,842 पद खाली हैं. यहां भी 12 प्रतिशत पद खाली हैं। साइंस और टेक्नोलॉजी विभाग में लगभग 66 प्रतिशत पद खाली हैं और कुल खाली पदों की संख्या 12,444 है। वहां सिर्फ 4217 लोग ही काम कर रहे हैं। यह तो केवल बानगी है यानि के केन्द्र सरकार के सभी विभागों को देखा जाए तो हर साल एक करोड़ नौकरियां देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सही लगता है।

इसके ठीक विपरीत के उनके कार्यालय में ही लगभग 26 प्रतिशत पद खाली हैं। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा मंत्रालय में लगभग 4557 पद खाली हैं, जो 42 फीसदी है। अगर मां गंगा के नाम पर भी युवाओं को नौकरी मिल जाती तो साढ़े चार हजार लोगों का कल्याण हो जाता। देश के लिए नीति बनाने वाले आयोग का हाल भी अन्य मंत्रालयों की ही तरह है। वहां भी 32 प्रतिशत पद खाली हैं। ऐसे मे अगर राज्य सरकारों के अधिनस्थ बॉत की जाए तो यहॉ भी लगभग अधिकाधिक रोजगार देने वाले संवर्ग में रिक्तियॉ 60 प्रतिशत तक है। विद्यालयों का यही हाल है केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों में कंप्यूटर शिक्षा देने वाले शिक्षक नाम मात्र के है। अगर है भी तो वे ठेका प्रथा से सम्बद्ध है। ऐसे में केन्द्र एवं राज्य सरकारों को अगर वाकई इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठा कर चलना है तो उसे हर संवर्ग की नौकरियों में 50 प्रतिशत पदों पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित प्रशिक्षित कंप्यूटर शिक्षित उम्मीदवारों शामिल करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ** : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# अबूझमाड़ अब नहीं रहेगा अबूझ : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास तथा नक्सलवाद के खात्मे के बाद अबूझमाड़ अब अबूझ नहीं रहेगा। यहां भी ग्रामीणों के विकास के साथ-साथ रहवासी क्षेत्रों में अधोसंरचात्मक तथा मूलभूत सुविधाओं की सुचारू व्यवस्था से पर्यटन का विकास होगा और क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे।

गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना, धरती आबा, ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जहां एक ओर ग्रामीणों और रहवासी क्षेत्र का शत-प्रतिशत विकास किया जा रहा है, वहीं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी नियद नेल्लानार योजना सहित शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से हो रहे विकास के साथ-साथ नक्सलवाद के खात्मे की ओर आगे भी बढ़ रहे हैं। इससे अब अबूझमाड़ में भी विकास का नया सवेरा होगा। लोग खुली हवा में निडरतापूर्वक सांस ले सकेंगे। वहां भी चमचमाती सड़कों का जाल बिछने लगा है।

उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़, छत्तीसगढ़ का एक पिछड़ा और आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जो विकास की दृष्टि से अभी भी उपेक्षित है। इस क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार ने पीएम जनमन और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय जन विकास मिशन) के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के साथ ही आदिवासी समुदायों के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। अबूझमाड़ में भी आदिवासी बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जा रहा है। वहीं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी गांवों के समग्र विकास के लिए काम किया जा रहा है। इस अभियान से गांवों में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, और बिजली की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, ग्रामीणों को आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार की योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इसमें पीएम जनमन और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अबूझमाड़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदायों को शिक्षा, स्वास्थ्य, और आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही, गांवों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था से ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधर रहा है।

प्रदेश के सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जिले में नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वित की जा रही है, जिसमें इन जिलों के कुल 8 विकासखंडो में 23 सुरक्षा कैंपों के आसपास के 90 ग्रामों का विकास किया जा रहा है। नियद नेल्लानार से तात्पर्य 'आपका आदर्श ग्राम' है अर्थात ऐसा ग्राम जहां पर निवासरत जनसंख्या को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं और अब वह अन्य क्षेत्रों की तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ने को अग्रसर है। पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और नियद नेल्ला नार योजना से जनजातीय इलाकों में की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित उक्त योजनाओं से बस्तर के अबूझमाड़ में तेजी से बुनियादी सुविधाएं विकसित होने लगी है। अबूझमाड़ में एक ओर जहां चमचमाती सड़कों की जाल बिछाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाएं भी तेजी से मुहैया भी कराई जा रही है। अब वह दिन दूर नहीं कि जब अबूझमाड़ लोगों के लिए अबूझ नहीं रहेगा। अब अबूझमाड़ में विकास का नया सूरज उग रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के विशेष प्रयासों से जनजातीय इलाकों की स्थिति और वहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार किए जा रहे कार्यों की बदौलत छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में बुनियादी सुविधाएं तेजी से पहुंचने लगी है।

छत्तीसगढ़ की जैव विविधता और ऐतिहासिक धरोहर बेमिसाल हैं। नक्सलवाद की समाप्ति के बाद अब बस्तर भी जल्दी ही पर्यटन के लिए पूरी तरह खुल जाएगा। यह हिंदुस्तान का सबसे बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन सकता है। छत्तीसगढ़ के जंगल बेहद मोहक हैं। यहां से बेहतर जंगल और कहीं नहीं हैं। राज्य में हर तरह की कनेक्टिविटी बढ़ रही है। पर्यटन के विकास में इसका बहुत लाभ मिलेगा।

## तैयारियों को ले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**कोरबा/जांजगीर-चांपा।** जांजगीर में कांग्रेस के द्वारा संविधान बचाओं कार्यक्रम 20 मई को आयोजित किया गया है, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में कोरबा जिले से ही अध्यक्ष मनोज चौहान के नेतृत्व में 1500 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बरपाली व भैसमा में तैयारियों को लेकर रविवार को मनोज चौहान के द्वारा बैठक ली गई। जिसमें विधायक फुल सिंह राठिया व पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर शामिल हुए। अब तैयारियों को लेकर ब्लाकों में बैठक हो रही है। बांकीमोंगरा में अध्यक्ष टीकाराम मनहर के द्वारा बैठक ली गई। जिसमें राजेश मानिकपुरी, फिरोज अनंत, शिशर सिन्हा, पूजा महंत, रूपा मनहर, छठबाई चौहान, पवन गुप्ता, राजकुमार मिश्रा सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए। दीपका में भी ब्लाक अध्यक्ष दीलीप सिंह के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। जांजगीर में होने वाले कार्यक्रम में कांग्रेस नेता श्याम नारायण सोनी, संजय आजाद, अशोक देवांगन, रहमान खान, नारायण कुर्रे, एस मूर्ति के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## नौ लाख रुपये की मादक पदार्थ कोकीन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर में पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रविवार को महावीर नगर स्थित रामरामा रेसीडेंसी के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 7 ग्राम कोकीन, एक चारपहिया वाहन और 3 आईफोन जब्त किया है। इनकी कुल कीमत 9 लाख रुपये बताई जा रही है ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को एण्टी क्राईम और साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि, थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत महावीर नगर स्थित रामरामा रेसिडेंसी के पास चारपहिया वाहन में कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन रखें है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं, जिसे तत्काल पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शुभांक पॉल, सागर पीटर तथा सिद्धार्थ पाण्डेय निवासी रायपुर बताया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7.48 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन, नकदी रकम तथा घटना में प्रयुक्त 3 नग आईफोन एवं 1 चारपहिया वाहन जिसकी कुल कीमत 9 लाख रुपये बताई जा रही है । आरोपितों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 21, 22 नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपितों के विरूद्ध कार्रवाई किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एसईसीएल की ठेका कंपनी 'कलिंगा' के मैनेजर पर मारपीट का आरोप

**कोरबा।** कोरबा में एसईसीएल की मानिकपुर खदान की ठेका कंपनी कलिंगा के मैनेजर चक्रधर मोहंती और कंपनी के चालकों के बीच शनिवार को जकर विवाद हुआ। मोहंती और उनके बाउंसर पर कर्मचारियों के साथ मारपीट का आरोप है। दोनों पक्षों ने मानिकपुर चौकी में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मानिकपुर खदान से प्रभावित सात गांवों के ग्रामीण शनिवार रात थाने पहुंचे। उन्होंने मोहंती के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों ने थाने के बाहर धरना प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। ग्रामीण अमन पटेल के अनुसार, मोहंती ट्रांसफर रोकने और काम करने के नाम पर पैसों की मांग करते हैं। उनके खिलाफ पहले भी कई शिकायतें की गई हैं। आंदोलनकारियों का आरोप है कि मोहंती कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हैं और जातिगत गालियां देते हैं। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने रव?वार को बताया क? मारपीट की शिकायत पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर खदान बंद कर दी जाएगी। उन्होंने बैठक कर मोहंती के खिलाफ आंदोलन की योजना बनाई है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी बस्तर जिले की पर्यावरण उप समिति का गठन आज

**जगदलपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बस्तर जिला की पर्यावरण उप समिति का गठन जिला मुख्यालय जगदलपुर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय के सभागार में सोमवार 19 मई को संध्या 5:00 किया जाएगा । पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं रुचि लेने वाले सभी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। पदाधिकारी के रूप में सम्मिलित होने के लिए इसका आजीवन सदस्य एवं बस्तर जिले का नागरिक होना अनिवार्य है । सदस्यता शुल्क आजीवन सदस्य के रूप में एक हजार है। जो पूर्व में सदस्य बन चुके हैं, वे इसके पात्र हैं, इसके अलावा नए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को भी अपनी सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। पर्यावरण उप समिति के अध्यक्ष विधु शेखर झा ने बताया कि, विश्व में पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए हम जहां कहीं पर भी हैं वहां पर्यावरण के प्रति सचेत रहें, स्वयं जागरूक हों और लोगों को भी जागरुक करते हुए कार्य करें जिससे राष्ट्र सेवा के साथ-साथ प्रकृति सेवा भी हो सके। हम भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पर्यावरण उप समिति के सदस्य बनकर मिलजुल कर अपने बस्तर के लिए सेवा भाव से कार्य करें। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की है।

## राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से नाराज एनएसयूआई ने किया पुतला दहन



**बलरामपुर।** हाल ही में बिहार में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दलित छात्रों से मिलने पर रोकने तथा बाद में एफआईआर दर्ज कर देने से नाराज एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव एवं रामानुजगंज नगर पालिका परिषद के पार्षद प्रतीक सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बीते शाम लरंगसाय चौक पर प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में पुतला दहन किया। इस दौरान प्रतीक सिंह ने कहा कि, राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से मोदी एवं नीतीश सरकार बिहार में डर गई है।

गांधी छात्रावास और छात्रों की स्थिति की जानकारी लेने पहुंचे तो उन्हें पुलिस बल के द्वारा रोका गया। जिससे स्पष्ट है कि एनडीए सरकार घबराई हुई है। पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस के राजेन्द्र श्रीवास, निरज गुप्ता, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल बर्मन, शिव शंकर, शमशेर अंसारी, बजरंग गुप्ता सहित एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने दीपका मेगा माइन का किया निरीक्षण




**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने रविवार को दीपका मेगा कोयला खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खनन गतिविधियों की समीक्षा की और उत्पादन में वृद्धि, भूमि अधिग्रहण में तेजी और मानसून तैयारियों पर जोर दिया।

**निरीक्षण और समीक्षा:** हरीश दुहन ने सर्वप्रथम अमगांव व मलगांव से लगे केसीसी पैच का दौरा किया, जहाँ चल रही खनन गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने हाल ही में भूमि अधिग्रहण में मिली सफलता के लिए दीपका टीम की सराहना की। उन्होंने उत्पादकता बढ़ाने और ओबीआर कार्यों के तहत टॉप सॉइल को विधिवत हटाकर संरक्षित रखने पर विशेष बल दिया।

इसके पश्चात, उन्होंने डिपार्टमेंटल पैच का निरीक्षण कर वहाँ की स्थिति की समीक्षा की। खदान निरीक्षण के दौरान उन्होंने एरिया महाप्रबंधक एवं कोर टीम से आगामी मानसून सीजन की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**मानसून तैयारियों पर जोर:** हरीश दुहन ने मानसून सीजन के दौरान खदान की सुरक्षा और उत्पादन को बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान खदान में पानी भरने की संभावना रहती है, इसलिए हमें पहले से ही तैयार रहना होगा।

**उत्पादन में वृद्धि पर जोर:** हरीश दुहन ने उत्पादन में वृद्धि पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपनी उत्पादकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करना होगा और नई तकनीकों को अपनाना होगा।

**भूमि अधिग्रहण में तेजी:** हरीश दुहन ने भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपनी परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम करना होगा और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एसईसीएल के सीएमडी के निरीक्षण से दीपका मेगा माइन के उत्पादन और सुरक्षा में सुधार की उम्मीद है।

## विचार गोष्ठी : भारत के चुनाव प्रणाली पर सुधार की रखी गई बात



**बलरामपुर।** जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के सभा कक्ष में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल के तत्वावधान में बीते शाम विचार गोष्ठी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए की गई। गोष्ठी में भारत के चुनाव प्रणाली में सुधार पर बात रखी गई। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को राष्ट्र की अखंडता के लिए जरूरी बताया।

उन्होंने कहा कि, देश की इतनी बड़ी आबादी को बार बार चुनाव में नहीं झोंका जा सकता। बार-बार चुनाव होने से बहुत अधिक धन का व्यय होता है। देश में जितना शिक्षा का बजट है उसका आधा चुनावों में खर्च हो जाता है। मिश्रा ने एक साथ चुनाव के बहुत फायदे गिनाते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव हेतु अपना समर्थन दिया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, आरएसएस के संघ चालक, महाविद्यालय के छात्र, जन प्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, शासकीय कर्मचारी-अधिकारी एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सर्वसम्मति से वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में हाथ उठाकर और बारी-बारी से अपनी बातों को रखकर सहमति प्रदान किया। विचार गोष्ठी को कन्हैया लाल अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, बलवंत सिंह, ओमप्रकाश सोनी, भानु दीक्षित, मोहन गुप्ता, जनपद अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, मंडल अध्यक्ष ध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने भी संबोधित किया।

स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल रामानुजगंज द्वारा आयोजित इस विचार गोष्ठी में उपस्थित समस्त आतिथियों का स्वागत स्टडी सर्किल के शैलेश गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि, स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल देश के समसामयिक विषयों और छात्रों के हित से संबंधित कार्यों के लिए हमेशा कृत संकल्पित और कार्यशील रहता है। संस्था आने दिनों में देश हित में चलाई जाने वाले कई विषयो को लेकर आम लोगों के बीच में लगातार उपस्थित रहने की भी बात कहीं गई।

इस अवसर पर अरुण केसरी, बिडीलाल गुप्ता, पार्षद सिद्धांत यादव, पवन गुप्ता, विकास गुप्ता, मुकेश जायसवाल तिवारी सहित नगर पालिका परिषद के पार्षद तथा जनपद पंचायत के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र के चार स्थानों पर समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार अंतर्गत 19 मई 2025 को जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 4 स्थानों पर लोक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 मई 2025 को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरी,विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बल्दाकछार, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ान में समाधान शिविर आयोजित होंगे।समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन के सुशासन अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

### डीजल चोर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा/जांजगीर-चांपा।** जिले में डीजल चोर गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना चांपा पुलिस टीम ने र?वि?वार को डीजल चोर गिरोह के तीन फरार आरोपितों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, आरोपितों द्वारा नेशनल हाईवे पर खड़े वाहनों से मौका देखकर भारी मात्रा में डीजल चोरी कर टैंकर में एकत्रित किया जाता था और बाद में उसकी बिक्री की जाती थी। आरोपितों के कब्जे से चोरी का डीजल रखने में उपयोग किए गए टैंकर वाहन, 70 लीटर डीजल, बिक्री रकम 4150 रुपये और डीजल टैंक को तोड़ने में प्रयुक्त पेंचकश बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में नरेश कुमार भारती, शिशुपाल केवट और पुष्पेंद्र केवट है, जो सभी जांजगीर-चांपा जिले के निवासी हैं। इससे पहले भी इस गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन और चोरी का डीजल बरामद किया गया था।

## सुशासन तिहार : कोरबा के घंटाघर ऑडिटोरियम में विशेष कार्यक्रम आयोजित




**कोरबा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कोरबा के घंटाघर ऑडिटोरियम, परिसर के चौपाटी में आज रव?वार को जनसंपर्क विभाग के माध्यम से एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, लाभार्थियों से संवाद स्थापित करना और सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य से हुई, जिसके बाद खेल एवं मनोरंजन गतिविधियों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक क्विज, जिसमें सुशासन तिहार, प्रदेश सरकार की योजनाओं, शासन की पहल तथा कोरबा जिले से जुड़े सवाल शामिल रहें का खास आकर्षण रहा। युवाओं ने इसमें भाग लेकर सवालों के जवाब दिए। इस दौरान सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत अपनी समस्या को लेकर आवेदन देने वाले वे हितग्राही भी थे जिनके आवेदन का निराकरण हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही मनु उराव, बिन्देश्वरी, मनहरण सिह, अलख राम, बरेलाल, अंबिका यादव, पार्वती चौहान, शशी चौहान, शत्रुहन श्रीवास, पेंशन के हितग्राही अनिल सिंह, राशनकार्ड के हितग्राही सुलोचनी साहू सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव को बताया और आवेदन जमा करने के बाद हुई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में खेल और अन्य गतिविधियों में बड़ी संख्या में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दी। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक श्रीमती इस्मत जहां दानी और जिला जनसम्पर्क अधिकारी कमलज्योति, जिला समन्वयक आशुतोष गौरहा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरित किए। कार्यक्रम को संचालन रेडियो जॉकी अनिमेष शुक्ला ने किया। उन्होंने अपनी शानदार आवाज में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में युवाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में गहरी रुचि दिखाई और संवाद के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को 'जनमन' पत्रिका और शासन की योजनाओं पर आधारित फूड वाउचर प्रदान किए गए। आयोजन में पारंपरिक लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेल प्रतियोगिताएँ और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजन को रोचक और प्रेरणादायक बनाती रहीं।

## हसदेव दर्री बराज के बांयी तट नहर की लाइनिंग पूरी तरह टूटी, ठेका कंपनी कार्य में नहीं ले रहें रूचि



**छत्तीसगढ़।** कोरबा नगर के मध्य से निकली हसदेव दर्री बराज के बांयी तट नहर की लाइनिंग पूरी तरह से टूट गई है। 4 से 18 किलोमीटर नहर की लाइनिंग के लिए 23 करोड़ की निविदा जारी की गयी हैं। लेकिन ठेका कंपनियों ने अभी काम करने से ही इंकार कर दिया है। बताया जा रहा हैं की दो ठेका कंपनियों ने तो अभी अनुबंध ही नहीं किया है। इससे खरीफ में सिंचाई पर प्रभाव पड़ सकता है। 1 महीने बाद बारिश का मौसम भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में मरम्मत भी नहीं हो पाएगी।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हसदेव बांगो बांध की सिंचाई क्षमता 2 लाख 47 हजार हेक्टेयर है। जिसमें से 1 लाख 47 हजार हेक्टेयर में बांयीं तट नहर से सिंचाई होती है। नहर की लाइनिंग जगह-जगह से टूट गई है। जिसके कारण पिछले 3 साल से सिंचाई प्रभावित हो रही है। दांयीं तट नहर की हालत अच्छी है। कोरबा जिले के तहत 18 किलोमीटर नहर का हिस्सा आता है। इसकी मरम्मत के लिए ही 23 करोड़ की मंजूरी मिली है। तीन अलग-अलग ठेका कंपनियों को यह काम मिला हुआ है। लेकिन रबी फसल की सिंचाई के लिए पानी छोड़ने के कारण मरम्मत का काम ही शुरू नहीं हो पाया।

सिंचाई हेतु 30 अप्रैल तक पानी छोड़ा गया। इस वजह से ठेका कंपनियां कम समय को देखते हुए काम करने से ही अब इंकार कर रही हैं। एक ठेका कंपनी ने खरीफ फसल की सिंचाई के बाद अक्टूबर से काम करने की सहमति देते हुए अनुबंध किया है। दो कंपनियों ने अनुबंध करने से ही मना कर दिया। इससे अब आगे सिंचाई का काम प्रभावित हो सकता है। इससे अधिकारी भी डरे हुए हैं। उनका कहना है कि लाइनिंग में सुधार नहीं होने पर कभी भी नहर टूट सकती है। इससे आसपास की बस्तियों को नुकसान हो सकता है।

बताया जा रहा हैं की वर्ष 2022 में सीतामढ़ी के पास नहर फूटने के कारण आसपास की बस्तियों में पानी भर गया था। इससे खरीफ फसल की सिंचाई भी प्रभावित हुई थी। इसकी मरम्मत में ही 25 दिन से अधिक का समय लग गया था। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में 14 किलोमीटर दूर ढिटोरी के पास नहर फूट गई थी। इससे 50 एकड़ से अधिक की फसल चौपट हो गई थी। इसकी मरम्मत करने में 1 महीने का समय लग गया। साथ ही मार्च 2025 में राताखार के पास नहर में छेद होने से आसपास कॉलोनी में पानी भर गया था। पानी की मात्रा घटने पश्चात इसकी मरम्मत कराई गई। अभी भी वहा पर पूरी तरह सुधार कार्य नहीं हुआ है। जानकारी देते हुए बताया जा रहा हैं की नहर की हालत इतनी खराब है कि पूरी क्षमता के साथ पानी नहीं छोड़ सकते। नहर की क्षमता 4200 क्यूसेक है। लेकिन रबी में सिंचाई के लिए लगभग 3 हजार क्यूसेक ही पानी छोड़ा गया। खरीफ सिंचाई के लिए सबसे अधिक पानी की जरूरत होती है। ऐसे में परेशानी का सामना करना पड़ सकता हैं।

हसदेव बांगो परियोजना के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा का कहना है कि सिंचाई प्रभावित न हो इसके लिए इंतजाम किया जाएगा। सिंचाई के लिए पानी छोड़ने के पहले सुधार हो जाए इसका प्रयास कर रहे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक : कैलाश नाथ द्वारा शिवम पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनरीज इण्डस्ट्रीज-157प्रेस भवन,मधुबन विहार (ज्ञानेश्वर सोसायटी) ,वार्ड-85, होशंगाबाद रोड, भोपाल म.प्र.462047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : सुशील कुमार त्रिपाठी , Mobile-91- 9893982060,
Email- mptmnp@gmail.com , website:tarunmitra.in , RNI : MPHIN/2021/79825 ; "इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद भोपाल न्यायालय के अधीन होंगे।

# ओवरलोड बालू से भरे ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, मौत

**बबेरू/बांदा, 18 मई (तरूणमित्र)।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का गांव में बालू से भरे ओवरलोड ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंद दिया जिसकी मौत हो गई, परिजनों के सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का गांव के रहने वाले गुलाब सिंह पुत्र ननकू सिंह उम्र करीब 65 वर्ष यह रविवार की सुबह साइकिल में सवार होकर अपने घर से खेतों की तरफ जा रहे थे। तभी सतीश नगर बबेरू रोड पर तेज रफ्तार बालू से भरे ओवरलोड ट्रक रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा निजी साधन से इलाज हेतु बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मर्का थाना पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक मृतक गुलाब सिंह के दो पुत्र और तीन पुत्री थी। और नौ बीघे जमीन का काश्तकार भी था। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी कमलेश देवी पुत्र बबलू सिंह धर्मेंद्र सिंह नाती अमर सिंह सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वही इस घटना को देखते हुए मर्का थाना पुलिस के द्वारा घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है वही टक्कर मारने वाले ओवरलोड ट्रक की तलाश में जुट गई है। माता के पुत्र बबलू सिंह ने बताया कि ओवर लोड बालू से भरे ट्रक तेज रफ्तार चलते हैं, जिसके कारण से यह हादसा हुआ है।

## साईकिल से खेत जा रहे किसान को ट्रक ने कुचला, मौत

**बबेरू/बांदा, 18 मई (तरूणमित्र)।** साइकिल से खेत जा रहे 65 वर्षीय किसान को पीछे से ओवर लोड बालू से लदे ट्रक ने कुचल दिया और ट्रक लेकर फरार हो गया राहगीरो की सूचना पर परिजन पहुंच और आनन फानन इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र लाते समय रास्ते मे मौत हो गयी मरका पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकरपोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया मरका थाना क्षेत्र के मरका निवासी गुलाब सिह पुत्र ननकू सिह उम्र 65 वर्ष आज सुबह 5 बजे साइकिल लेकर अपने खेत जा रहा था तभी मरका कस्बे के सतीश नगर के पास पहुंचा तभी पीछे से ओवर लोड बालू से लदा ट्रक ने टक्कर मार कर कुचल दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरो ने परिजनो को दिया और आनन फानन हेतु हेतु सामु स्वा केन्द्र लाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। मरका पुलिस को सूचना दिया मौके मे पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दियामौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया मृतक के दो लड़के तीन लड़की है पत्नी कमलेश देवी का रो रोकर बुरा हाल है मृतक 9 बीघे का काश्तकार हैमरका प्रभारी अजीत प्रताप ने बताया कि सीसी टीवी कैमरे के आधार पर ट्रक का पता किया जा रहा है टक्कर से मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।

# कुरीतियों को दूर कर ब्राह्मण समाज की एकता बनाएँ : पटेरिया

**ललितपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** ब्राह्मण महामंडल की बैठक श्रीचंडी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला गांधी नगर में संपन्न हुई। अध्यक्षता अशोक पटेरिया बद्दू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका एवं मुख्य अतिथि बृजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष श्री राम लीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने की।



बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक पटेरिया, देवेन्द्र चतुर्वेदी, प्रेस क्लब संरक्षक पवन संज्ञा, बृजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष भारत सेवा मंडल, महेंद्र अग्निहोत्री, मनमोहन चौबे, मोंटी शुक्ला, भूपेंद्र सरवैया, अशोक कांकर ने ब्राह्मण महामण्डल व्यायामशाला खोलने सहित अन्य मुद्दों पर रूपरेखा तैयार की। इस अवसर राजीव बबेले, देवेंद्र चतुर्वेदी, मदन शर्मा, रुक्मिणीकांत त्रिपाठी, विनोद भोंडेले, रमाकांत तिवारी, अश्विनी पुरोहित, नीरज चतुर्वेदी, डॉ प्रदीप शर्मा, सौरभ पाठक, ब्रजेश बबेले, ऋषभ शुक्ला, अंजुल रिछारिया, महेश अग्निहोत्री सहित दर्जनों युवाओ ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। संचालन ब्रजमोहन शर्मा ने किया।

# फिर आई नर्सिंग होम की लापरवाही सामने, ओटी में हुई मौत

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** लापरवाही, लालच और गैरजिम्मेदाराना व्यवहार के चलते कानपुर रोड स्थित नर्सिंग होम में युवक की मौत का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों का आरोप है कि हार्टअटैक के चलते युवक खुद स्कूटर चलाकर परिजनों के साथ भर्ती होने चला आया था।

हार्ट की शिकायत पर हुआ था भर्ती परिजनों का हंगामा



जहां चिकित्सकों ने उसके आपरेशन के लिए हामी भरकर भर्ती कर लिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर्स ने आपरेशन टेबल पर युवक की चीरफाड़ के बाद आगे के आपरेशन से यह कहकर मना कर दिया कि इससे युवक की जान जा सकती है। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक उन्हें भुलावे में रखें रहे और किसी तरह से वे जबरन आपरेशन टेबल तक पहुंचे तो डॉक्टर्स ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। मरीज की मौत पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। मृतक रामलाल परिहार (43) पुत्र सीताराम सीपरी बाजार के नंदनपुरा के रहने वाले था और वह ऑटो चलाता था। हंगामे की सूचना पाकर पहुंचे सीओ ने कार्रवाई का भरोसा देकर मामला शांत कराया और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की बहन लक्ष्मी देवी का आरोप है कि 14 मई को रामलाल को उल्टी और खांसी के बाद सांस लेने में दिक्कत के बाद लाइफलाइन अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती से पूर्व हमारी पुरानी जांचें फाड़ दी और नए सिरे से जांचें कराई। आरोप है कि अस्पताल में इक्विपमेंट नहीं थे और ऑपरेशन कर दिया। डॉक्टर की लापरवाही से भाई की मौत हुई है। परिजन डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई कर हॉस्पीटल को सीज किया जाने की मांग पर अड़ गए। सीओ सिटी स्नेहा तिवारी के अनुसार आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। साथ ही वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

## रॉयल अकादमी ने किया दसवीं के टॉपर्स छात्रों का सम्मान

**ललितपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** रॉयल एकेडमी ने कक्षा दसवीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर स्कॉलरशिप कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रथम दिवस लगभग दो लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय ट्रस्ट उपाध्यक्ष प्रतीक्षा चौबे द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि हमें गर्व महसूस होता है जब हमें अपने जनपद के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि 19 मई से 24 मई तक 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में सुबह 9 से 12 तक सम्मानित किया जाएगा।

# शाखा नंबर 3 के चुनाव : रामप्रकाश बने अध्यक्ष, पुनः शाखा सचिव बने संजीव

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन की शाखा संख्या 03 के चुनाव मंडल कार्यालय में हुई त्रैवार्षिक आम सभा में संपन्न हुए। अध्यक्षता कामरेड राम प्रकाश सिंह ने की।

सभा के आरंभ में, शाखा सचिव कामरेड संजीव कुमार द्विवेदी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान शाखा द्वारा कर्मचारियों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने आय और व्यय का विवरण रखा, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी।

केंद्रीय पर्यवेक्षक वी.के. यादव और चुनाव अधिकारी निर्मल सिंह संधू की देखरेख में 41 प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इसके पश्चात, नई




कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिसमें अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, सचिव संजीव कुमार द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष वीके बाथम, उपाध्यक्ष अकील अहमद, अमित, सतीश त्रिपाठी व अरविंद यादव, संयुक्त सचिव प्रवेश सिंह, सहायक सचिव कालू राम कुशवाहा, गगन यादव, सर्वेश कुमार, जितेन्द्र चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह यादव, कार्यकारिणी सदस्य (सीसीएम) देवेंद्र सिंह, सुनील कार्यकारिणी सदस्य (एजीएम): ब्रजलाल, लक्ष्मण दास, गजराज, सतेंद्र पाल, रामू यादव निर्वाचित हुए। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड मनोज कुमार जाट ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई दी।

आम सभा में पूर्व मंडल अध्यक्ष डी के खरे, कामरेड भावेश प्रसाद सिंह, अजय सिंह यादव, मनोज जाट, सुनील पाल, अनिरुद्ध सिंह यादव, तेज सिंह मीणा, जयसिंह यादव, बृजमोहन, दीपक शिन्दे, प्रवेश सिंह, सुनील पुरोहित, नीरज त्रिपाठी और गोपाल रायकवार आदि शामिल थे। संचालन संजीवन राय व आभार राम प्रकाश सिंह ने किया।

# तनाव के बीच स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए: एसपी सिटी

## पुलिस लाइन में उच्च रक्तचाप पर हुआ कार्यक्रम

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पुलिस लाइंस के ऑडिटोरियम में, मुख्य अतिथि एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति एवं विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ आर आर सिंह एवं डॉ निपुण गुप्ता के आतिथ्य में आईएमए द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस मौके पर गुलाटी आई हॉस्पिटल की वरिष्ठ कार्डियो डायबिटीज विशेषज्ञ, डॉ. पद्मश्री गुलाटी ने घर पर ही बीपी मॉनिटरिंग की। मॉनिटरिंग के दौरान उन्होंने सही तकनीक एवं जीवनशैली में बदलाव जैसे आहार में सोडियम/नमक को सीमित करना, फल और सब्जियां, साबुत अनाज, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, मछली और चिकन जैसे कम वसा वाले मांस, नट्स और बीज खाना, नियमित व्यायाम कम से कम 30 मिनट रोजाना तेज चलना, कम से कम 15 मिनट के लिए सप्ताह में तीन बार मांसपेशियों का प्रशिक्षण करना, योग, तनाव कम करने के लिए ध्यान, रात में 6-8 घंटे की गहरी नींद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से स्ट्रोक, दिल का दौरा, दृष्टि की हानि और गुर्दे की विफलता हो सकती है।

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस को अपने तनावयुक्त जीवन में स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर डॉ प्रताप सिंह ,डॉ सतीश अग्रवाल, डॉ संजय गुलाटी, डॉ अशोक सक्सेना, डॉ धीरज प्रकाश, डॉ बी पी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ अनु निगम एवं डॉ नवल खुराना ने आभार प्रकट किया।

## नशीला पदार्थ खिलाकर किया गलत काम, अब कर रहा ब्लैकमेल

### युवती ने एसएसपी को पत्र देकर रोया दुखड़ा

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चिरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रमैयापुरा में रहने वाला एक युवक की बुआ उसके घर के पास निवास करती है। उसके पास ही युवक आता जाता था। इस कारण उसकी युवक से जान पहचान हो गई थी। 28 दिसंबर को वह अपने कॉलेज गई थी। इसी दौरान युवक उसे मिल गया और उसके पास आया और कहने लगा कि चलो बैठकर चाय नाश्ता करते हैं और मैं तुम्हें घर पर छोड़ दूंगा। इस पर वह युवक की बातों में आ गई और विपक्षी युवक उसे सीपरी बाजार स्थित एक होटल ले गया। यहां उसने उसे नशीला पदार्थ चाय में मिला दिया जिससे वह अर्द्धमूर्छित हो गई और युवक ने उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। इसी दौरान युवक ने अश्लील वीडियो व आपत्तिजनक फोटो निकाल लिए और अब उसको फोन लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी शादी 22 मई को ललितपुर में होना है। शादी की जानकारी होने पर विपक्षी युवक, युवक की बुआ, बहन आदि षडयंत्र रचकर शादी के लिए दबाव बना रहे हैं और शादी के लिए मना करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। जहां पर उसकी शादी तय हुई है, वहां पर भी फोटो भेज दी है और पूरी घटनाक्रम उसके होने वाले पति को बता रहे हैं। शिकायती पत्र के माध्यम से विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# भीषण गर्मी से जनपदवासियों को बचाने के लिए प्रशासन सजग

## जिलाधिकारी ने दिए अधीनस्थों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन को हीट-वेव से बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध किये हैं। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया है कि विभागीय स्तर पर बचाव व राहत कार्य तत्काल सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी/शीतल पेय जल, दूर दराज क्षेत्रों में खराब हैण्डपम्प अविलम्ब ठीक कराने, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ आदि की व्यवस्था करायी जाये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी तथा सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने जिले में स्थित गौशालाओं मे संरक्षित गोवंश को हीट वेव से बचाए जाने के पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए जाने व गो आश्रय स्थलों पर पर्याप्त भूसा और पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय सहित संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि हीटवेव /लू से बचाव व राहत की दृष्टिगत सभी विभागीय तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

सभी सतर्क व अलर्ट मोड पर रहे। किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना मिलने पर तत्काल समाधान करना सुनिश्चित करें।

## जनजोड़ो अभियान चलाएगी जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक : अक्षयप्रताप

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिकने रविवार को एमएलसी प्रतापगढ़ कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल व प्रताप सिंह के झांसी आगमन पर सर्किट हाउस में स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मधुपाल सिंह ने कार्यकर्ता बैठक की जिसमें एमएलसी ने कहा कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी संगठन की विस्तार के लिए हर ग्राम सभा स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूती देने के लिए जन जोड़ो अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन ने सामान्य जाति के लिए 10% आरक्षण की मांग करते हुए सरकार से दिलाने का काम किया है जिसे आज लोग ईडब्ल्यूएस नाम से जानते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप रैकवार, बंटी नरेंद्र कुशवाहा ,रणधीर सिंह संजीव सिंह राजावत, रितेश सिंह सेंगर ,कुलदीप कुलदीप सिंह , रितेश भारद्वाज, शाकेंद्र सिंह शैलेंद्र ठाकुर,अजय चंदेल ,भानु यादव फरहत खान शुभम शर्मा आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जेडीयू ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बांदा, 18 मई (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड क्षेत्र में खेती संकट के गंभीर होते हालात पर जनता दल (यूनाइटेड) ने केंद्र सरकार को घेरा है। जेडीयू उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने शुक्रवार को समस्तीपुर स्थित सर्किट हाउस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री से मुलाकात की और उन्हें 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में अन्ना प्रथा, किसानों की आत्महत्याएं, खाद-बीज की किल्लत, बिजली की महंगाई और तारबंदी के लिए सस्ती बिजली कनेक्शन की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। शालिनी सिंह पटेल ने मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि बुंदेलखंड के किसान त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, योजनाएं कागजों में दम तोड़ रही हैं। ज्ञापन में उन्होंने लिखा कि बांदा, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी और ललितपुर जैसे जिलों में किसान गहरे संकट में हैं। अन्ना प्रथा के कारण किसान रात्रि में खेतों में जागकर पहरा दे रहे हैं। फसलें चौपट हो रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। सरकारी वितरण प्रणाली में गड़बड़ियों के चलते किसान घटिया बीज, महंगे कीटनाशकों और कालाबाजारी से बर्बाद हो रहे हैं। कई किसान कर्ज और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण आत्महत्या तक कर चुके हैं। शालिनी ने कहा कि जब किसान अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन के पास जाते हैं तो उन्हें टाल दिया जाता है या उन्हें अपमान का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों का रवैया बेहद असंवेदनशील हो चुका है।

बिजली की महंगाई ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। किसान खेतों में सिंचाई तक नहीं कर पा रहे, न ही तारबंदी कर पा रहे।अन्ना प्रथा पर रोक के लिए पंचायत स्तर पर गो-आश्रय स्थल सशक्त हों। खाद-बीज वितरण प्रणाली को डिजिटल निगरानी से जोड़ा जाए। बुंदेलखंड को 'कृषि आपदा क्षेत्र' घोषित किया जाए और विशेष पैकेज मिले। आत्महत्या प्रभावित परिवारों को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक पुनर्वास सहायता मिले। कृषि मंत्रालय की केंद्रीय टीम भेजी जाए, जो जमीनी हालात का मूल्यांकन करे।

# सखी वन स्टॉप सेन्टर में मिली लापरवाही, सचिव के निरीक्षण में खुली पोल

## किचिन में गन्दगी, सामग्री गायब, आरओ में नहीं मिला पानी

**ललितपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झा के निदेर्शानुसार सचिव मयंक जायसवाल ने सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया।



इस दौरान सचिव ने पाया कि किचिन में साफ-सफाई नहीं है। किचिन में किसी भी प्रकार के बर्तन आदि सामग्री नहीं पायी गयी। किचिन में आर.ओ. लगा हुआ था। बाहर पानी का कैम्पर रखा हुआ था। उन्होंने ' पीड़ित महिलाओं के लिये खाने की क्या व्यवस्था के संबंध में प्रश्न किया तो पता चला कि पीड़ित महिला आने पर टिफिन मंगाकर खिलाया जाता है जबकि पीड़ित महिलाओं को दोनों समय का नाश्ता एवं खाना दिये जाने का प्रावधान है। सुबह-शाम का नाश्ता पीड़ित महिलाओं को नहीं दिया जाता, जबकि शासन के अनुसार सेन्टर में नाश्ता/खाना बनाकर दिये जाने का प्रावधान है। पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं के स्थल का निरीक्षण किया गया जिसमें बेड पडे हुये थे लेकिन बेडों पर चादर नहीं थी। फाइलों के अवलोकन करने पर कमियां पायी गयी। निरीक्षण में सेन्टर मैनेजर सरिता रिछारिया अनुपस्थित पायी गयी।

केस वर्कर ममता व केस वर्कर रेशमा दोनों द्वारा रोस्टर अनुसार बिना लिखित आदेश के ड्यूटी बदलकर की जा रही है।

### रविवार को सचिव ने देखी कारागार की व्यवस्थाएं

सचिव मयंक जायसवाल ने जिला कारागार में जेल विजिट की। सचिव ने विजिट में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन शाला, अस्पताल को देखा। निरूद्ध बन्दियों से वातार्लाप कर उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा। विजिट के दौरान अधीक्षक मुकेश कुमार, कारापाल जीवन सिंह, उप कारापाल जयनारायण भारती, न्यायालय से रोहित राठौर उपस्थित रहे।

# अग्निकांड से पीड़ित कन्या की समाजसेवियों ने धूमधाम से कराई शादी

**बबेरू/बांदा।** जनपद के बबेरू कस्बे में अंबेडकर नगर में शादी वाले घर में लगी आग के बाद समाजसेवियों ने हीरा पैलेस से धूमधाम से लड़की की शादी कराई गई है, जिसकी चारों तरफ चर्चा हो रही है।

बबेरू कस्बे के अंबेडकर नगर मोहल्ले में दो दिन पहले 15 व 16 मई की मध्य रात्रि सिलेंडर फटने से शादी वाले घर में आग लग गई थी। जिसमें शादी के लिए रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। जिसकी खबर को स्थानीय पत्रकारों के द्वारा खबर को प्रमुखता से दिखाया, जिसमें लड़की की शादी के सहयोग में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व्यापारियों ने हाथ आगे करके लड़की की 17 मई की रात्रि धूमधाम से शादी कराई गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह तराया, गुलाबचंद उपाध्याय, बैंक मैनेजर दुर्गेश सिंह गौतम,रामनरेश मिश्रा, एवं नगर पंचायत के सभासद शिव प्रकाश मालिक, रामकृपाल मौर्य,कुलदीप सिंह, आकाश चौरसिया, चंद्र बहादुर धुरिया, चच्चू वर्मा, संतोष कुमार, रिंकू राजपूत, रोहित गुप्ता, पंकज वर्मा, एवं कस्बे के संभ्रांत व्यक्ति व्यापारियों ने आर्थिक सहयोग किया, वही हीरा पैलेस के मालिक सोनू कुमार, मैनेजर चंद्र बहादुर धुरिया के द्वारा विशेष सहयोग करके अपना मैरिज हॉल देकर लड़की की शादी बीते 17 व 18 मई की मध्य रात्रि धूमधाम से संपन्न कराई गई। जिसमें सभी के सहयोग से हुई शादी की सराहना बबेरू कस्बे में ही तो हो ही रही है, लेकिन पूरे जनपद में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें लड़की की बेवा मां कमला देवी ने खुले तौर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस प्रकार से हम शादी नहीं कर पाते, कहीं उस लाख गुना अच्छी शादी हो रही है।

हमें बहुत खुशी है, यहां के लोग ने बहुत ही सहयोग हमारा किया है, जो शादी अच्छी तरीके से मैरिज हाल से संपन्न हुई है। वही अंबेडकर नगर वासियों एवं बारात में आए बरातिया ने सहयोग करने वालों की सराहना किया है।

# मंदिर-मस्जिदों में लगेंगे कैमरे छतों पर होगी निगरानी

**गुना।** प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री और गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को गुना पहुंचकर जिले की कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता, जल संकट और मजदूर कल्याण से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा की। उन्होंने प्रशासनिक अमले को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी हाल में शांति व्यवस्था भंग न हो। सर्किट हाउस में बंद कमरे में कलेक्टर और एसपी से चर्चा के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें आगामी त्योहारों, सांप्रदायिक सौहार्द और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के शुरूआत में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने प्रभारी मंत्री को पौधा भेंट कर स्वागत किया और जिले की




वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हाल ही में सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए 9 प्रकार के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें सोशल मीडिया, भूसा भंडारण और निर्यात जैसे मुद्दे शामिल हैं। साथ ही आपदा प्रबंधन से जुड़े तैयारियों की भी जानकारी दी गई।प्रभारी मंत्री ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। विशेषकर हनुमान जयंती पर हुए पथराव की घटना को देखते हुए निर्णय लिया गया कि जिले के मंदिरों और मस्जिदों में उउळश कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे ताकि किसी भी घटना पर त्वरित निगरानी रखी जा सके।

इसके साथ ही छतों पर पत्थरों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में चांचौड़ा क्षेत्र में हाल ही में मुक्त कराए गए 50 से अधिक मानसिक रूप से विक्षिप्त मजदूरों का मुद्दा भी उठा। अधिकारियों ने बताया कि इन मजदूरों को मुक्त कराकर उनका पुनर्वास किया गया है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर प्रभारी मंत्री ने एसपी को निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों पर वन वे व्यवस्था लागू की जाए और यातायात सुधारने के ठोस उपाय किए जाएं। इसके अलावा हर किरायेदार का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए, बिना वेरिफिकेशन कोई भी मकान मालिक किराया न दे।गर्मी के चलते जिले में उत्पन्न हो रहे जल संकट पर मंत्री राजपूत ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि गाड़ियों के धुलाई सेंटरों को तत्काल बंद कराया जाए ताकि पानी की बबार्दी रोकी जा सके। साथ ही नगर पालिका द्वारा टैंकरों के जरिए जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु और समय पर सुनिश्चित किया जाए।

# कर्मयोगी हैं प्रदेश के कर्मचारी, उनकी कर्तव्य निष्ठा से ही देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है मप्र : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने के लिए सुव्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस मंशा का सफल क्रियान्वयन सरकार के कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इस दृष्टि से प्रदेश के कर्मचारी सच्चे कर्म योगी हैं। कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण से ही जनकल्याण और विकास के पथ पर हमारा प्रदेश अग्रसर है।

कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा से जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ है। प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल के रवींद्र भवन में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गत माह लिए गए कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिऐ मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने रविंद्र भवन में उनका अभिनंदन किया। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अंगवस्त्रम भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ.यादव का तिलक किया। इसके साथ ही उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

कर्मचारी संघ की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.यादव को वृहद आकार की मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद मां सरस्वती और पूर्व वरिष्ठ श्रमिक नेता स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव तथा महामंत्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग स्वीकृत करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 9 वर्षों से लंबित हाउस रेंट अलाउंस की मांग को भी पूरा किया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों- कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में स्थानांतरण नीति का क्रियान्वयन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान का वादा किया था। क्रमबद्ध रूप से सभी समस्याओं का निराकरण किया गया है। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विशेष अभियान संचालित हैं। पुलिस में सभी पद भरे गए हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान देश में जन-आंदोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा : तुलसीराम

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान देश में जन-आंदोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है। समाज की भागीदारी से सरकार की जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के फलस्वरुप मध्यप्रदेश जल शक्ति के रूप में उभर कर देश के नक्शे में स्थापित होगा।मंत्री श्री सिलावट ने शनिवार को विदिशा जिलें में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम जम्बार के तालाब में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, हरि सिंह सप्रे, हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष श्री वीर सिंह के साथ अन्य जन-प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान में सहभागिता की। मंत्री श्री सिलावट



ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में लागू कर जल संवर्धन के ऐसे कार्य को मूर्तरूप दिया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ी को हम प्रचुर मात्रा में जल संचय भण्डार विरासत में दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इंदौर में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में लीड कर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल की है, ठीक वैसी ख्याति विदिशा जिला जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में अर्जित करे।

इस अभियान को अपना समझकर हम अपने स्तर पर सहयोग व योगदान कर मिसाल कायम करें। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है, भविष्य है और प्रगति संभव है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में सिंचित रकबा बढ़ाने के लिए सिंचाई कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में पूरे कराए जा रहे हैं। उन्होंने विगत वर्षों की तुलना में सिंचित रकबे में हुई आशातीत वृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नदियों को जोड़ने का संकल्प प्रदेश में केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर पूरा कर रहे हैं।

## सरकारी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच फायरिंग, गोली लगने से एक की मौत

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के तोर गांव में सरकारी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच दो दिन से फायरिंग होने की घटना सामने आई है। फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। निरार थाना पुलिस के पास पहली बार दोनों पक्षों के बीच हुई फायरिंग की शिकायत पहुंची थी, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया। शुक्रवार-शनिवार की रात एक पक्ष ने जमीन पर बनी झोंपड़ी में आग लगाई और फिर ताबड़तोड़ फायर किए। मामला थाने तक आया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद रात में दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। गोली लगने से जिसकी मौत हुई है वह देवगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है और तोर गांव में अपने रिश्तेदार के घर आया था।इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बाल संप्रेक्षण गृह से पांच अपचारी बालक दीवार में सेंधमारी कर भागे, तलाश शुरू

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा नगर स्थित बाल संप्रेषण गृह से शनिवार- रविवार की दरमियानी रात 5 बाल अपचारियों के भागने का बड़ा मामला सामने आया है। पांचों अपचारी बालक कमरे की दीवार में सेंधमारी भाग गए। संप्रेषण गृह के कर्मचारियों को रविवार सुबह जानकारी लगी। इसके बाद स्थानीय कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सीएसपी अभिनव बारंगे, कोतवाली थाना पुलिस के साथ बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। दरअसल घटना देर रात की है। ये पांचों बाल अपचारी करीब एक वर्ष से यहां रह रहे थे, जिन्होंने एक दीवार में गड्ढा बनाकर वहां से फरार होने की योजना बनाई और भाग निकले। जिसकी जानकारी संप्रेषण गृह के कर्मचारियों को रविवार सुबह को लगी। सूत्रों के अनुसार, घटना के




समय बाल संप्रेषण गृह पर होमगार्ड के जवान तैनात थे।

हालांकि, खंडवा पुलिस ने फिलहाल इस मामले में किसी की लापरवाही नहीं मानी है। लेकिन, अलर्ट न रहने के कारण ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। बालकों के फरार होने के बाद कोतवाली थाना पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे कोतवाली थाना पुलिस और खंडवा सीएसपी अभिनव बारंगे घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

खंडवा सीएसपी अभिनव बारंगे ने बताया कि खंडवा कोतवाली थाना में रविवार सुबह सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ बाल अपचारी फरार हो गए हैं। मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तो सामने आया कि पांच बाल अपचारी कमरे की दीवार तोड़कर भागे हैं। ये सभी अलग-अलग अपराधों में लिप्त थे। सभी बाल अपचारी खरगोन जिले के रहने वाले और करीब एक साल से यहां थे। फिलहाल पुलिस सभी की तलाश कर रही है। इसके पहले भी प्रदेश के कई संप्रेक्षण गृह से अपचारी बालकों के भागने की घटनाएं हो चुकी है।

## मध्य प्रदेश में अब दिन में चलेगी लू, रातें रहेंगी गर्म, अगले चार दिन तक आंधी-बारिश का भी अलर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे है। प्रदेश में कहीं तेज धूप तो कहीं बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 21 मई तक दिन में लू चलेगी, जबकि रातें भी गर्म रहेंगी। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी और बारिश का दौर भी रह सकता है। आज रविवार को भी 26 जिलों में मौसम के दो रंग देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, तीन साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम इन दिनों एक्टिव है। इनका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है।इस कारण आंधी और बारिश हो रही है। वहीं, अब गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। अगले चार दिन तक आंधी, बारिश के साथ लू का भी अलर्ट है। आज रविवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, गुना, अशोकनगर में हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चल सकती है। वहीं, सीधी और उमरिया में रातें गर्म रहेंगी। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक रह सकता है। दूसरी ओर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश, तेज आंधी चल सकती है।

प्रदेश में शनिवार को मौसम के दो रंग देखने को मिले। कहीं बारिश और तेज आंधी वाला मौसम रहा तो कहीं तेज गर्मी का असर देखने को मिला। बैतूल में 17 मिमी यानी, आधा इंच से ज्यादा पानी बरस गया। वहीं, नौगांव, सीधी, विदिशा, सिंगरौली, गुना में भी बारिश हुई। दूसरी ओर, प्रदेश के कई शहरों में गर्मी का असर देखा गया।

# ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार तीन लड़कियों और एक महिला को रौंदा

## एक बच्ची की हालत गंभीर, चालक फरार

**बड़वानी।** बड़वानी के राजघाट रोड पर रविवार सुबह एक अंधी रफ्तार से दौड रहे ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार महिला और तीन लड़कियों को रौंद दिया। हादसे में चारों को चोटें आई है। घायलों में एक बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों आपस में रिश्तेदार है। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे तीनों लड़कियां हॉट बाजार में सामान खरीदने कृषि उपज मंडी आई थीं। हादसे में 14 वर्षीय पलक कुशवाह, 12 वर्षीय कनिका कुशवाह और 8 वर्षीय



आकृति कुशवाह घायल हो गईं। कनिका कुशवाह की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। ये तीनों रिश्ते में बहनें हैं। वहीं घायल महिला का नाम ज्योति कुशवाह (35 साल) जो कि पलक और कनिका की मां है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंडी के सामने हुए इस सड़क हादसे में किनारे खड़ी लड़कियों को नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दिया। चालक खाली ट्रैक्टर लेकर ईंट भट्टों की तरफ जा रहा था। हादसे के बाद लड़खड़ाता चालक मौके से फरार हो गया।

मामा जितेंद्र कुशवाहा ने बताया है कि यह सभी सड़क किनारे पर खड़े थे। इस दौरान ट्रैक्टर के तीन बच्ची और महिला को रगड़ दिया। घायलों में मेरे छोटे भाई की बेटी, मेरी बहन और दो भांजियां हैं। इसके बाद हम लोग सबको अस्पताल लेकर पहुंचे। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया।

कुछ देर बार ट्रैक्टर का मालिक मौके पर पहुंचा। हादसे के बाद कनिका की हालत गंभीर बनी हुई है। कनिका के पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में उसकी मां और एक बहन है जो घायल है। शहर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गांव का नाम बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने राज्यमंत्री को सौंपा आवेदन

**राजगढ़।** जिले के ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़ियाखेड़ी का नाम बदलने की मांग को लेकर ग्रामीण रविवार को राज्यमंत्री के गृहनिवास पहुंचे और एक आवेदन सौंपा। ग्रामीण मांगीलाल लववंशी, नितेश लववंशी सहित अन्य ग्रामीण राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार के घर पहुंचे और उन्होंने गांव में सीसी सड़क निर्माण और गांव का नाम बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि






पंचायत बैठक में गांव का नाम सुंदरखेड़ी रखने का निर्णय लिया गया है। उनका कहना है कि मालवा क्षेत्र में कोड़िया शब्द कुष्ठ रोगियों के लिए प्रयोग किया जाता है, यह शब्द बोलने में अशोभनीय लगता है, 20 साल पहले गांव में आए संत ने भी गांव के नाम पर आपत्ति जताई थी तभी से अनौपचारिक रुप से सुंदरखेड़ी कहा जाने लगा।

वहीं राजस्व रिकॉर्ड में अभी भी कोड़ियाखेड़ी नाम दर्ज है, जिसे बदलने के लिए पंचायत का प्रस्ताव राजस्व विभाग को भेजा जाएगा और गजट प्रकाशन के बाद ही नया नाम अधिकारिक रुप लेगा।

# देश के लिए मरना श्रेष्ठ है, लेकिन आज देश के लिए जीने वालों की आवश्यकता : प्रांत प्रचारक

## विदिशा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग विशेष का शुभारंभ




**भोपाल/विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि हिंदू जीवन चार आश्रमों पर आधारित है। चौथा आश्रम संन्यास आश्रम है, जो व्यक्ति को मोक्ष की राह पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि ₹साधना कठिनता से सफल होती है। जो कठिनाइयों में जी नहीं सकता, वह कभी साधक नहीं बन सकता है₹ ₹देश के लिए मरना श्रेष्ठ है, लेकिन देश के लिए जीने वालों की आज आवश्यकता है। प्रांत प्रचारक गुप्ता रविवार को विदिशा में स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग के उद्घाटन सत्र में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में आए हुए हम सभी साधक हैं, अपनी साधना को सफल करने के लिए इस वर्ग में उपस्थित हुए हैं।

अपने संघ कार्य को मजबूती देने के लिए हम इस वर्ग में प्रशिक्षण ले रहे हैं। दरअसल, विदिशा के टीला खेड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के परिसर में रविवार को संघ शिक्षा वर्ग विशेष का उद्घाटन हुआ। इस समारोह के दौरान सर्वाधिकारी हरिश्चंद्र शर्मा और मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने भारत माता की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वर्ग

का शुभारंभ किया। इस वर्ग में आठ विभाग के 31 जिलों से 183 शिक्षार्थी 107 स्थानों से सम्मिलित हुए हैं। इस वर्ग में सभी जिलों का प्रतिनिधित्व हुआ। इस वर्ग में 40 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले स्वयंसेवक ही अपेक्षित है, जिन्होंने संघ के खंड, जिला एवं विभाग स्तरीय वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सार्वजनिक समापन 2 जून को होगा।

संघ शिक्षा वर्ग विशेष में शामिल शिक्षार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक,योग,सेवा, प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण का कार्य है। इस 15 दिन के वर्ग में अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व को मजबूत करना है। 40 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के स्वयंसेवकों को इस वर्ग में अपेक्षित किया है।

प्रांत प्रचारक गुप्ता ने उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में श्रीमद्भागवत गीता उदाहरण देते हुए कहा कि गीता के छठवें अध्याय के 35 वे श्लोक में भगवान कृष्ण ने मन को बड़ा चंचल बताया है और निरंतर अभ्यास से ही मन को नियंत्रित किया जा सकता है। इस वर्ग से देश भक्ति का वैराग्य हमारे अंदर आने वाला हैं, हमे अपने जीवन में देश भक्ति वैराग्य हमेशा बनाकर रखना चाहिए। समाज में शाखा की भूमिका जागरण श्रेणी के माध्यम से स्पष्ट हो सके और शाखा समाज परिवर्तन का केंद्र बन सके इसलिए हम वर्ग में प्रशिक्षण लेने आए हैं।उन्होंने अंत में कहा कि इस वर्ग से हमे समय का प्रबंधन, कार्यकर्ता का प्रबंधन, कार्य का प्रबंधन सीख कर जाना हैं। समूह में रहकर सामूहिकता की भावना से कार्य करने की कला हम इस वर्ग में सीखकर जाने वाले हैं। अटल जी की कविता ₹तब थे अकेले आज हुए इतने भला तब न डरे तो अब क्या डरेंगे।₹ से उन्होंने अपने बौद्धिक का समापन किया।

## ट्रक की टक्कर से डीजे वाहन पलटा दबने से संचालक की मौत



**राजगढ़।** मधुसूदनगढ़-जामनेर रोड पर रविवार अलसुबह तेज रफ्तार ट्रक ने डीजे वाहन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों वाहन पलट गए, जिसमें सुठालिया निवासी 23 वर्षीय डीजे संचालक की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सुठालिया थाना पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार मधुसूदनगढ़-जामनेर रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने डीजे वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन पलट गए और डीजे वाहन के नीचे दबने से सुठालिया निवासी 22 वर्षीय आकाश पुत्र मदन कुशवाह की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस वाहन की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए सुठालिया अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया है युवक का विवाह एक साल पूर्व हुआ था, उसके दो बड़े भाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

# नाडा की डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में इंटरपोल के प्रतिनिधि; सिनर-अल्कारेज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी।

डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में सीबीआई और इंटरपोल के अधिकारियों का होना हर किसी को चौंका सकता है, लेकिन विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) डोपिंग के खतरे की जड़ यानी प्रतिबंधित पदार्थों के उत्पादकों और प्रदाताओं तक पहुंचने के लिए अपना पूरा ध्यान खुफिया जानकारी जुटाने और उसकी गहराई तक पहुंचने में लगा रहा है। इस कवायद में भारत न पीछे रह जाए, इसके लिए राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने पांच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में इंटरपोल के अधिकारियों के साथ विभिन्न एशियाई देशों की कानून प्रवर्तक एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नाडा के महानिदेशक अनंत कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की जांच और उन्हें जागरूक करना जरूरी है, लेकिन वाडा ने अब समस्या की जड़ तक पहुंचने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, इसका मुख्य लक्ष्य एशियाई क्षेत्रों के डोपिंग निरोधक अधिकारियों को एक साथ लाना है। वाडा ने ड्रग आपूर्ति करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने पर फोकस किया है। टेस्ट और शिक्षा से एक हद तक डोपिंग पर नियंत्रण लाया जा सकता है लेकिन सभी के टेस्ट नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, जब आप सीधे इन गतिविधियों की जड़ पर प्रहार करते हैं तो कामयाबी ज्यादा मिलती है। वर्कशॉप में



इंडोनेशिया, मालदीव, श्रीलंका, फिलीपीन और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय डोपिंग निरोधक संगठन के अधिकारियों ने भाग लिया। समझा जाता है कि भारत की ओर से सीबीआई के अधिकारी इसमें मौजूद थे। भारत का डोपिंग रिकॉर्ड पिछले कई साल में अच्छा नहीं रहा है और डोप उल्लंघन करने वाले देशों की वाडा की सूची में भारत काफी ऊपर है।

### इटैलियन ओपन का फाइनल

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

**बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम पर बोर्ड रूम बनाए जाने पर तेंदुलकर ने कहा**

# इस गर्मजोशी भरे कदम के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद



**मुंबई, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने भाषण में कहा, यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है। 2011 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखने के बाद, तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब वह अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और फिर उनके भाई के शब्दों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अंततः अपने छठे प्रयास में वानखेड़े स्टेडियम में खिताब जीता।

2007 में जब हम वेस्टइंडीज से वापस आए, तो थोड़ी निराशा हुई। मेरे दिमाग में कई विचार आए कि क्या मुझे खेलना जारी रखना चाहिए या अब मुझे दूसरी तरफ चले जाना चाहिए। मुझे याद है कि मैं अपने भाई से बात कर रहा था और उसने कहा, 2011 में, विश्व कप भारत में खेला जाएगा और फाइनल मुंबई - वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी के साथ, क्या आप खुद को विजय की गोद में ले जाते हुए देख सकते हैं? यही वह जगह है जहां से यात्रा फिर से शुरू हुई। उन चार सालों में, बस एक ही लक्ष्य था, जो यह ट्रॉफी थी। संभवतः मेरे जीवन के सबसे कठिन क्षण, 2007 से, 2011 तक, मेरे जीवन का सबसे अच्छा क्रिकेट क्षण। यह एक उल्लेखनीय यात्रा थी।

1983 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखकर तेंदुलकर पुरानी यादें ताज़ा करते हुए कहते हैं, मेरे करियर की शुरुआत भी इसी ट्रॉफी, प्रूडेंशियल कप और खिलाड़ियों में से एक रोजर की वजह से हुई थी। मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वहां से लेकर 2011 तक, एक टीम के तौर पर हम जो कुछ भी हासिल कर पाए, उसके लिए मैं अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मिलकर काम किया, कुछ चीजों की योजना बनाई और योजना ऐसे कमरों में बनती है। मुझे यकीन है कि पूर्ववर्तियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हम सभी ने इसके नतीजे देखे। भारतीय क्रिकेट के भविष्य के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, हमारे पास यहां एक शानदार टीम है। कुछ अच्छे लीडर, कुछ अच्छे युवा जो बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं, न केवल बीसीसीआई के लिए, बल्कि देश के लिए भी। अपने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मुझे यकीन है कि सही फैसले लिए जाएंगे।

# धोनी के रिटायरमेंट पर सस्पेंस खत्म, सीएसके ने बताया माही का फ्यूचर प्लान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी 43 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी को लेकर कहा जा रहा है कि यह उनका आखिरी सीजन है। धोनी फिलहाल पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 में सीएसके का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा है और टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। सिर्फ इतना ही धोनी के खुद फॉर्म भी इस समय उनका साथ नहीं दे पा रही है। ऐसे में उनके टीम में होने पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसके बावजूद सीएसके के फैंस धोनी के लिए अभी भी टीम को पूरा सपोर्ट कर रहे हैं। इस सीजन में सीएसके को अभी दो मैच और खेलने हैं। ऐसे में फैंस में यह जानने की कौतूहल मची है कि क्या धोनी इसके बाद अब येलो जर्सी दोबारा फिर नजर आएंगे या फि नहीं। क्या सीएसके के एक युग का अंत होने वाला, लेकिन इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जो खबर सामने आई उससे जान सीएसके और धोनी फैंस झूम उठेंगे।



### आईपीएल 2026 में खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी

धोनी को लेकर फिलहाल सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वह आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए मैदान पर उतरेंगे या फिर नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रेंचाइजी के लोगों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। टीम में अभी भी कई चीजें ठीक करनी हैं, जिसके लिए धोनी का मार्गदर्शन जरूरी है। अगर ऐसा होता है तो धोनी निश्चित रूप से आईपीएल 2026 में खेलते हुए दिख सकते हैं। ऐसा नहीं है कि एमएस धोनी से आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर सवाल नहीं पूछे गए हैं। एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आईपीएल 2025 उनका आखिरी सीजन है। इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि इस पर वह कुछ समय बाद फैसला लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपनी फिटनेस को लेकर भी बात की थी। धोनी का मानना है कि आईपीएल में आगे खेलना है या फिर नहीं ये उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।



# 1 साल में 2300 करोड़ की कमाई...

## इस स्टार खिलाड़ी पर हुई पैसों की बारिश, फिर बना दुनिया में नंबर-1

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल की दुनिया न केवल प्रतिभा और जुनून का मंच है, बल्कि यह एक विशाल आर्थिक मंच भी है, जहां स्टार खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों और ब्रांड वैल्यू के दम पर करोड़ों की कमाई करते हैं. फोर्ब्स ने हर साल की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है. इस बार कई बड़े खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई करते हुए लिस्ट में अपनी जगह बनाई है. वहीं, एक दिग्गज कमाई के मामले में इतना आगे है कि दूसरा खिलाड़ी उसके आसपास भी नहीं है. पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर लिस्ट में नंबर-1 बनने में कामयाब रहे हैं. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मई 2024 और मई 2025 के बीच सबसे ज्यादा कमाई की है. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पिछले 1 साल में 275 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,356 करोड़ रुपए) की कमाई की है. इसी के साथ वह लगातार तीसरी बार इस लिस्ट में टॉप पर रहे हैं. वहीं, ये 5वां मौका है जब उन्होंने एक साल में सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में दुनिया के सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है.

40 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा सऊदी प्रो लीग के क्लब अल-नासर के साथ उनकी 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सालाना सैलरी से आता है. इसके अलावा, नाइकी, बिनांस, और हर्बालाइफ जैसे ब्रांड्स से उनकी ऑफ-फील्ड कमाई को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाया. इसके साथ उनकी एंडोर्समेंट डील्स और सोशल मीडिया की अपार लोकप्रियता (लगभग 939 मिलियन फॉलोअर्स) भी इसका एक बड़ा कारण है.

**रोहित शर्मा के लिए राहुल द्रविड़ का खास संदेश**

# अब मुंबई में टिकट की चिंता नहीं मुझे पता है किससे संपर्क करना है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़, जिन्हें क्रिकेट की दुनिया में 'द वॉल' के रूप में जाना जाता है,उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में रोहित को बधाई दी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, अरे रोहित, लगता है तुमने उन स्टैंड्स में इतने छक्के मारे कि उन्हें तुम्हारे नाम पर रखना ही पड़ा! द्रविड़ ने इस सम्मान को रोहित के लिए एक सपने के सच होने जैसा बताया। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि एक युवा लड़के के रूप में तुमने वानखेड़े जैसे प्रतिष्ठित स्टेडियम में खेलने का सपना देखा होगा। लेकिन क्या तुमने कभी सोचा था कि एक दिन इस स्टेडियम का एक स्टैंड तुम्हारे नाम पर होगा? यह मुंबई और भारतीय क्रिकेट में तुम्हारे योगदान का सच्चा पुरस्कार है।

द्रविड़ ने रोहित के शानदार प्रदर्शनों की तारीफ करते हुए कहा, वानखेड़े जैसे विश्व स्तरीय स्टेडियम में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है, और रोहित, तुमने न केवल वहां खेला, बल्कि अनगिनत यादगार पारियां खेलकर उसे और खास बनाया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी जोड़ा, अब जब तुम्हारे नाम पर स्टैंड है, तो अगली बार मुंबई में टिकट की कमी होने पर मुझे पता है कि किससे संपर्क करना है!

### वानखेड़े का सच्चा स्टार

रोहित शर्मा का वानखेड़े स्टेडियम के साथ रिश्ता बेहद खास है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उन्होंने इस मैदान पर कई ऐतिहासिक जीत हासिल की हैं। उनके बल्ले से निकले छक्कों ने न केवल प्रशंसकों का दिल जीता, बल्कि इस स्टेडियम को क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी यादगार बना दिया। वानखेड़े में रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने कई आईपीएल खिताब जीते और उनकी व्यक्तिगत पारियों ने भी इस मैदान को एक अलग पहचान दी।



रोहित का यह सम्मान उनके उस समर्पण का प्रतीक है, जिसके साथ उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक, टी20 में रनों का अंबार, और कप्तान के रूप में उनकी शानदार रणनीतियां- रोहित ने हर प्रारूप में अपनी छाप छोड़ी है। वानखेड़े का यह स्टैंड उनके उस जुनून और मेहनत का सम्मान है, जिसने उन्हें 'हिटमैन' बनाया।

### एक नया अध्याय

रोहित शर्मा के नाम पर स्टैंड का नामकरण केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी है। यह हर उस युवा क्रिकेटर को प्रेरित करेगा, जो वानखेड़े के मैदान पर खेलने का सपना देखता है। जैसा कि द्रविड़ ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रोहित के नाम वाला यह स्टैंड और भी कई छक्कों का गवाह बनेगा। यह स्टैंड न केवल रोहित की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के सुनहरे भविष्य का भी प्रतीक है।

### परिवार, दोस्त और प्रशंसकों के लिए गर्व का पल

राहुल द्रविड़ ने अपनी शुभकामनाओं में रोहित के परिवार और दोस्तों को भी शामिल किया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह तुम्हारे लिए, तुम्हारे परिवार और दोस्तों के लिए एक शानदार दिन होगा। यह सम्मान न केवल रोहित के लिए, बल्कि उनके उन लाखों प्रशंसकों के लिए भी गर्व का क्षण है, जो उनके हर छक्के पर तालियां बजाते हैं।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक के लिए घातक महिला रेसलर ने किया क्वालीफाई,



### चैंपियनशिप का भी किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई में मनी इन द बैंक की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में कई रोमांचक मुकाबले हुए। टिफनी स्ट्रैटन ने अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप सफलतापूर्वक बचाया। एलेक्सा ब्लिस और सोलो सिकोआ ने मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाई किया। इस एपिसोड में द रॉक जिन्हें ड्वेन जॉनसन के नाम से भी जान जाता है। उनका जन्मदिन भी मनाया गया।

### 7 जून को होगा मनी इन द बैंक

फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक की शुरुआत हो चुकी है। यह इवेंट 7 जून को लॉस एंजिल्स के इंटुइट डोम में होगा। बैकलैश के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई ने तुरंत इस बड़े इवेंट की तैयारी शुरू कर दी है। इस एपिसोड में विमेंस चैंपियनशिप का शानदार मुकाबला हुआ। साथ ही, मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाइंग मैच भी शुरू हो गए।

### टिफनी स्ट्रैटन ने किया चैंपियनशिप का बचाव

मुख्य मुकाबले में टिफनी स्ट्रैटन का सामना पूर्व चैंपियन नाया जैक्स से था। टिफनी स्ट्रैटन को अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप बचाना था। मैच में तब मोड़ आया जब नाओमी स्टील की कुर्सी लेकर रिंग में आई। लेकिन जेड कार्गिल ने उन्हें रोक दिया। इस मौके का फायदा उठाते हुए स्ट्रैटन ने जैक्स के चेहरे पर कुर्सी से ड्रॉपकिक मारी। फिर अपना सिग्नेचर मूव प्रीटिएस्ट मून्सॉल्ट एवरलगाकर जीत हासिल की। पहले विमेंस मनी इन द बैंक क्वालीफायर में एलेक्सा ब्लिस, चेल्सी ग्रीन और मिचिन के बीच मुकाबला था। चेल्सी ग्रीन ने चोरी से जीतने की कोशिश की। लेकिन ब्लिस ने ग्रीन पर सिस्टर अबिगेल डीडीटी मारकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ब्लिस ने लैडर मैच में अपनी जगह पक्की कर ली।

## रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान:दो साल बाद टीम में वापसी, ब्रैथवेट की जगह लेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे। चेज 2023 में आखिरी बार टेस्ट खेला था चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं।चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी। चेज अब तक 49 टेस्ट खेले हैं चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा। 6 खिलाड़ियों के नाम पर विचार के बाद चेज का नाम पर हुआ फैसला वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया।